Official Periodical of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi

# SHRI SAI LEELA

श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

# श्री साई लीला

* Year 24 * Issue 5 * Sept.-Oct. 2024 * ₹ 25/-
* वर्ष २४ * अंक ५ * सितम्बर–अक्टूबर २०२४ * ₹ २५/–



## SHRI SAI *PUNYATITHI* ANNUAL SPECIAL ISSUE

"Even when I pass away, believe in my words. From my tomb my bones will give you assurance. Not only I, but my tomb would be speaking, moving and communicating with those who surrender themselves whole heartedly to me."








Sai Himself is Gajanan Ganapati...

# SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

## Hon’ble Members of Ad-hoc Committee



**Smt. Anju Shende (Sontakke)**
**(Chairperson)**
Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar



**Shri Siddharam Salimath (IAS)**
**(Member)**
District Collector, Ahmednagar



**Shri Goraksha Gadilkar (IAS)**
**(Chief Executive Officer)**


Internet Edition - **URL:http://www.shrisaibabasansthan.org**

# श्री साईं लीला

# SHRI SAI LEELA

वर्ष २४ अंक ५

Year 24 Issue 5

सम्पादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कार्यकारी सम्पादक : भगवान दातार

Editor : Chief Executive Officer
Executive Editor : Bhagwan Datar


## अंतरंग


| | |
|---|---|
| ✤ SAI IS BEYOND DEATH... | 4 |
| ✤ साधन सम्पन्न साईं की फ़क़ीरी... : सुरेश चन्द्र | ८ |
| ✤ “यह संयोग नहीं, साईं की योजना है।” : कथन – मोहन जी ❊ शब्दांकन – दास कुम्भेश | २० |
| ✤ ऐसी लागी लगन... : साईं अनुभव कथन ❊ शब्दांकन – मयूरी महेश कदम ❊ हिंदी अनुवाद – शंभु सोनी, अर्चना कोली | ३० |
| ✤ ... साईं समाधिस्थ हुए! : डॉ. ओमप्रकाश टाक | ३८ |
| ✤ Shirdi News | 48 |



● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting :** Computer Section, Mumbai Office, Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Office :** ‘Sai Niketan’, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar (East), Mumbai - 400 014. Contact No. : (0)9404876574 E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423)258500 Fax : (02423)258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription : ₹ 125/-** ● **Subscription for Life : ₹ 2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers : ₹ 1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue : ₹ 15/-** ● **Shri Sai *Punyatithi* Annual Special Issue : ₹ 25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer, on behalf of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Ganesh Art Printers, M.R. Trade Centre, Shop No. 7, Wadiya Park, Ahmednagar - 414 001 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.



# SAI IS BEYOND DEATH...

Vijayadashmi is one of the most auspicious days in the year and symbolizes the triumph of the forces of Good over those of the Evil. Stories abound relating to the slaying of the *Asuras* at the hands of Gods and Goddesses. For some, it is the annihilation of Ravan by Shri Ram; for others, it is Goddess Durga who destroyed the *Asuras*, and in the stories of *Navratri* we are told how the Goddess in her various manifestations or *avataras* as Shri Laxmi, Saraswati, Mahakali etc. slays different *Asuras* on the eight days of *Navratri* and emerges victorious on the ninth. Vijayadashmi is the day of celebrating the victory. Versions of the story may thus differ, but the essence is the same. True to the spirit of victory, Vijayadashmi is celebrated amidst great festivities and rejoicing. What with the public enactments of Ram *Leela*, noisy processions of the effigies of Ravan for burning publicly; the grand processions of Goddess Durga as she is carried with great pomp and show for emersion in the sea; the enthusiasm of the common man in his rounds of social visits for the exchange of the symbolic 'gold' leaves; - indeed, the occasion is celebrated with great gusto!

As Sai devotees, we too celebrate the day, but in a spirit of austerity. This day has a special significance for us. It is the day of the *Mahasamadhi* of our *Guru*, our Father and Protector! Naturally, we do not celebrate the day with the gay abandon of a victory celebration,

but with solemnity and reverence, not untouched by a momentary feeling of sadness.

It is not a sadness connected with the thought of death. For a highly evolved soul like Baba, a soul that beyond Time and Space and the very essence of all that is Good, there is no death. "He is never born, and He never dies", says Lord Krishna to Arjun in the 'Geeta', "He is in Eternity : He is for evermore. Never-born and eternal, beyond times gone or to come, He does not die when the body dies". (Chap. 2:20) It was a voluntary surrender of the body and Baba decided to give it up, as "one leaves an old garment", only when He thought that His mission was over. This, therefore, is not an occasion for sorrow.



And yet, a feeling of sadness surfaces momentarily with the memory of that fateful day, wayback in 1918, that changed Shirdi almost overnight, from a haven of spiritual peace and succour to a wilderness of sorrow, bewilderment and despair. As we turn over the pages of Shri Sai Satcharita, the whole scene unfolds before our eyes and fills our hearts with gloom. We can well imagine the feeling of an irreparable loss and the void which must have been felt, and so sharply by those who moved with Him constantly. This naturally brings a touch of sadness in the midst of celebrations.

But, the wisdom of the 'Geeta' once again comes to our rescue – "for the death of what cannot die, cease thou to sorrow". (Chap. 2:30) Moreover, Baba's own words are our main strength, "From my *Samadhi* shall my Spirit rise to protect you in the hour of your need". And, as if to reassure the devotees of His continued existence, within hours of His leaving the physical body, Baba appeared in a dream to Laxmanmama and said, "They all think that I am dead and gone, and so, Bapusaheb Jog will

not perform the daily *Pooja* and *Aarti*. So, you perform the *Pooja* as usual". It only reasserts, what Baba always said, "Why do you identify me with this physical body, which measures a few cubic feet? I am not confined to it". Thus death could never be an attribute of Baba.

Today, standing at a distance of 67 years from the event, as we reflect with detachment on some of the incidents connected with Baba's *Mahasamadhi*, we cannot help feeling that through example, He showed us the way one should prepare oneself before leaving this body, for one's onward journey. Obviously, for Baba Himself, such preparations were superfluous.

No doubt, the *'Shilangan'* on Vijayadashmi day, two years earlier, has symbolic importance. As Shri Dabholkar points out, by casting off His clothes in the fire, He suggested the casting of the body in the *'yogagni'*, and asked the devotees who stood around, to judge, whether He was a Hindu or a Muslim. One wonders, whether He foresaw the disagreement that was to arise between His Hindu and Muslim devotees over the interring of His mortal remains!

A few days before His *Mahasamadhi*, His favourite brick, on which He used to rest His head while resting, accidentally slipped from the hands of the *sevak* or attendant, and broke. On hearing this, Baba gave way to lamentations and grief. He had also done so once before when Megha passed away. Such being the meshes of *'Maya'*, when the moment came for Him to leave the body, He sent away all His devotees who were so close to Him, except Bayaji Kote and a villager or two, suggesting thereby to avoid being enmeshed in *'Maya'*, which is believed to involve one in the cycles of birth, death and rebirth.

Further, He had asked Shri Vaze to read 'Ram-Vijay' a fortnight before His *Mahasamadhi*, as He had, on an earlier occasion, asked Vijayanand Sanyasi to read 'Bhagwat', foreseeing the Sanyasi's approaching end. This was because it is believed that whatever the mind concentrates on at the time of death, that the ment from the worldly possessions. So, He gifted nine silver coins - the cycle of rebirth. In the last few days, He moaned and suffered, like an ordinary man, as the fever raged in His body, - an ailment which He is believed to have taken upon Himself, to give a lease of life to Ramchandra Kote who was on his death-bed. In body, He may or may not have suffered; but the Spirit was tranquil and ever alert and watchful. In the midst of the great distress, He did not forget the injunction of the scriptures to 'Give', in a spirit of complete detachment from the worldly possessions, so He gifted nine silver coins – once, rupees five, and again, rupees four - to Laxmibai Shinde, the number nine symbolizing the *'Dakshina'* on the Dassera day after the completion of *Navratri*, or standing for the nine-fold path of *Bhakti* or devotion, in whatever way one may





choose to interpret it. Thus, even in His last moments, Baba has set an example for us to emulate.

Such is the significance of Vijayadashmi for us. It is a day on which Baba taught us a valuable lesson of how the Spirit can triumph over the body and attain liberation from the cycle of birth and death. Our celebrations on the occasion cannot, but be solemn and austere!

Editorial published in the October 1985 issue of Shri Sai Leela

❍❍❍

**Sai says - "Any of you, wherever you are, whenever you come to me, with your hand outstretched, with devotion, I am there to respond to your faith, day and night. Though I am bodily present at this place and you may be beyond the seven seas, and doing anything there, I am aware of it immediately. You may go anywhere on the face of this earth, I am always with you. I reside in your heart and I am within you. You should always bow down to that ME who thus resides in your heart. I am also the same ME who resides in the hearts of all beings. Therefore, whomsoever you come across, at home, outside or anywhere in the course of life, I am within them and I am myself present in them. All living creatures - insects, ants, creatures of the water and the sky, dogs and pigs - I am always present within them. I am in all and everywhere. Do not keep at a distance from me. There is no difference between you and me. Whosoever regards me in this way, he is indeed fortunate."**

# साधन सम्पन्न साईं की फ़क़ीरी...



श्री साईं बाबा देश के महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर ज़िले में जब एक फ़क़ीर के वेश में शिर्डी गाँव पहुँचे, तब वे लगभग सोलह वर्ष के थे। उन्होंने एक फ़क़ीरी और तपस्वी जीवन व्यतीत किया। शिर्डी में वे प्रथम एक नीम के पेड़ के नीचे निश्चल आसन में ध्यान लगाए बैठे दिखाई दिए। गाँव के लोग ऐसे युवा बालक को गर्मी या सर्दी की परवाह न करते हुए कठिन तपस्या करते देख कर आश्चर्यचकित रह गए। धार्मिक प्रवृत्ति वाले कुछ ग्रामीण नियमित रूप से उनसे मिलने भी आते थे। गाँव के बच्चे और अज्ञानी लोग उन्हें पागल समझते थे तथा उनका अपमान भी करते थे और उन पर पत्थर भी फेंकते थे।

श्री साईं बाबा ने धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव, सामाजिक उत्पीड़न और कुरीतियों का विरोध किया। वे धार्मिक रूढ़िवाद के सख़्त विरोधी थे। विविध धर्म–जाति के लोग उनके अनुयायी थे। जब उनको अपनी धार्मिक संबद्धता के बारे में बार–बार पूछा गया, तो उन्होंने ख़ुद को किसी एक विशेष धर्म के साथ पहचानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने अपने भक्तों को प्रार्थना करने, ईश्वर का नाम जपने और पवित्र ग्रन्थ पढ़ने के लिए सदैव प्रोत्साहित किया। उन्होंने मुसलमानों को कुरान और हिंदूओं को रामायण, श्रीमद् भगवद्गीता एवं योग वशिष्ठ








जैसे ग्रन्थों का अध्ययन करने का परामर्श दिया।

साधन सम्पन्न श्री साईं का सभी से सम्बन्ध है। उनके जीवन काल में विभिन्न धर्मों के लोग बड़ी संख्या




में शिर्डी पहुँच कर सुख-शांति प्राप्त करते थे। आज भी भक्तों को उनके श्री-चरणों में पहुँचने पर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। भक्त शिर्डी पहुँचने पर जिस तरह के भाव अपने मन में लाते थे, बाबा उसी तरह के अनुभव उन्हें तत्काल देते थे। बाबा भक्तों को जब उनके इष्टदेव, भगवान् श्री राम, श्री कृष्ण, शिव जी... आदि देवताओं के रूप में दर्शन देते थे, तब सभी आश्चर्यचकित हो जाते थे।

साधन सम्पन्न श्री साईं एक फ़क़ीर के रूप में ऐसे परब्रह्म ईश्वर हैं, जिनकी उपासना सभी वर्गों के लोग बड़ी निष्ठा के साथ करते हैं। वस्तुत: उनमें सभी देवी-देवताओं का वास है तथा उनकी नियमित रूप से श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना व आरती करने से सभी पाप नष्ट होकर सुख, शांति प्राप्त होती है और संकट समाप्त होकर जीवन आनंदमय एवं ख़ुशहाली से परिपूर्ण हो जाता है।

साधन सम्पन्न श्री साईं, जिन्हें शिर्डी साईं बाबा के नाम से भी जाना जाता है, एक आध्यात्मिक गुरू और फ़क़ीर थे, जिन्हें एक दिव्य अवतार माना जाता था। सभी समुदाय के भक्त उनकी पूजा करते थे। उनकी शिक्षा प्रेम, क्षमा, दूसरों की मदद, दान, संतोष, आंतरिक शांति और भगवान् तथा गुरू के प्रति समर्पण के नैतिक कोड़ पर केंद्रित थी।

साधन सम्पन्न श्री साईं का कहना था – फ़क़ीरी अव्वल बादशाही, अमीरी से लाख सवाई, ग़रीबों का तो अल्लाह भाई! अव्वल सबसे नाता तोड़ो, अपने रब से नाता जोड़ो, अपने रब से बढ़ कर बंदे, इस दुनिया की कौन बढ़ाई! इतना ऊँचा फ़क़ीर का दर, झुक जाते हैं, शाहों के सर! फ़क़ीर के बस में है शहंशाह, फ़क़ीर के बस में हैं शाहें! चाहते हो गर अमीर बनना, शर्त है अव्वल फ़क़ीर बनना। फ़क़ीर की मुट्ठी में ख़ुदा है, फ़क़ीर की मुट्ठी में ख़ुदाई!

संत कबीर भी फ़क़ीरी की ज़िंदगी को मस्ती भरा मानते थे। वे भी डंके की चोट पर कहते हैं – जो सुख चाहो राम–भजन में, वह सुख नाहिं अमीरी में। मन लागा यार फ़क़ीरी में।

यह सही है कि धन से सुख, भोग–विलास इत्यादि की प्राप्ति होती है। धन से सुख मिलने की बात शास्त्रों में भी बताई गई है; परन्तु इसके साथ एक शर्त भी जोड़ दी गई है, जो यह है कि धन ऐसा कमाएँ जिसकी धारा में डूब कर हम अपना सर्वस्व न खो दें और अपना मूल उद्देश्य ही न भूल जाएँ। इसलिए धन के पहले धर्म की पट्टी लगा दी गई। वस्तुत: यह धर्म की पट्टी ही हमें काम–वासनाओं, छल–छद्म, स्वार्थ, मोह, लोभ, क्रोध, भ्रष्टाचार और अहंकार से बचाती है।

फ़क़ीरी का सुख शांति, सद्भावना, भाईचारा और मानवता के बीज को अंकुरित करने का काम करता है। फ़क़ीरी की ज़िंदगी अपरिग्रह (ज़रूरत से ज़्यादा न इकट्ठा करना) और अहिंसा की ज़िंदगी होती है। इसी से संतोष, पवित्रता और तप की आदत बनती है। यानी, जितने भी मूल्य, सुख, अच्छे संस्कार, आदतें और ज्ञानार्जन के रास्ते बताए गए हैं, वे फ़क़ीरी के साथ बेहतर मेल खाते हैं। जो लोग फ़क़ीरी का मतलब दरिद्रता या निर्धनता मानते हैं, वे सच्चाई को नकारते हैं। फ़क़ीरी का मतलब अपनी धन–संपदा, महल, जागीर और नाते–रिश्तों के संकुचित दायरे से निकाल कर सब कुछ सबको बाँट देना है। इस दुनिया में अनेक बड़े–बड़े धन्नासेठों, राजनेताओं, चक्रवर्ती सम्राटों और महान साधु–संतों ने फ़क़ीरी जैसा साधारण जीवन व्यतीत किया है, जिनमें श्री साईं बाबा अग्रणी हैं।

जर्मनी के मनोवैज्ञानिकों ने एक हज़ार लोगों पर इस बात का सर्वेक्षण किया कि उन्हें धन, पुत्र, सुंदर मकान और इन सब से अलग फक्कड़ वाली ज़िंदगी – इन दोनों में से किसी एक का चुनाव करना हो, तो वे किसमें ज्यादा मस्ती और तनाव रहित महसूस करेंगे। उनमें से पैंसठ प्रतिशत लोगों ने मस्ती भरी तनाव रहित ज़िंदगी को प्राथमिकता दी। उनका कहना था कि गाड़ी, बंगला और नौकर–चाकरों वाली ज़िंदगी की तुलना में दूसरों को मदद देने, बच्चों के साथ मस्ती करने या रोज़मर्रा के सुखपूर्ण जीवन से अलग होकर ज़िंदगी गुज़ारने में वे बेहतर महसूस करते हैं। फ़क़ीरी यानी कि सुख, धन के अकड़पना से कहीं बेहतर है। साधन सम्पन्न श्री साईं का कहना था कि फ़क़ीरी में जो सुख है, वह बादशाहत वाला है और अमीरी का सुख धन्नासेठ वाला।

साधारण व्यक्ति सांसारिक जीवन की उपलब्धियों में फँस कर अपनी प्राण शक्ति को नष्ट करता है तथा उसके लिए यह विचार करना मुश्किल होता है कि ये वस्तुएँ जो उसने अपनी सुख–सुविधा के लिए अपनाई हैं, उनको आज नहीं तो कल चले ही जाना है, लेकिन फिर भी वह उनके साथ चिपक कर, उनको अपना कह कर उनके साथ गहरी मैत्री स्थापित करता है एवं हर समय कर्म करते हुए सांसारिक मोह जाल में फँसा रहता है। यहाँ हर कर्म मनुष्य के लिए संसार के बंधन व दु:ख का कारण होता है। मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्ति पाने के लिए दृढ़ संकल्प करके श्रद्धा–सबूरी के साथ श्री साईं बाबा का नाम–जप करना चाहिए तथा उनके श्री–चरणों में सभी के लिए शांति, शक्ति, सम्पत्ति, स्वरूप, संयम, सादगी, सफलता, समृद्धि, साधना, संस्कार और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।

श्री साईं बाबा स्वयं परब्रह्म ईश्वर होते हुए भी हमेशा कहा करते थे – ''मैं तो ईश्वर का दास हूँ।'' उन्होंने ईश्वर का अवतार होते हुए भी मानव को किस प्रकार अपना आचरण करना चाहिए तथा समाज के कर्तव्यों को किस प्रकार निभाना चाहिए, इसका उदाहरण भी फ़क़ीर के रूप में लोगों के सम्मुख प्रस्तुत किया। वे किसी के प्रति घृणा अथवा शत्रुता की भावना नहीं रखते थे। उन्होंने पूरी तरह विरक्त होते हुए भी एक साधारण गृहस्थ की तरह रह कर लोगों के सम्मुख एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया तथा अलौकिक शक्ति होकर भी अपनी कीर्ति की

चिंता न करके एक फ़क़ीर के रूप में भिक्षावृत्ति से अपना निर्वाह किया।

महान साधु-संतों को बहुत कठिन तप व साधना करने के पश्चात् ही सिद्धि प्राप्त होती है, मगर उनमें भी सभी को अष्ट सिद्धि प्राप्त नहीं होती। परन्तु, इसके विपरीत एक ऐसी शक्ति, जिसे मनुष्य तंत्र विद्या के माध्यम से सुगमता से प्राप्त कर लेता है, लेकिन वह इस शक्ति को प्राप्त करने के पश्चात् गर्व करता है और गौरवान्वित होकर इसे मानव कल्याण के लिए कम तथा अपने हित एवं अहंकार के प्रदर्शन के लिए अधिक उपयोग में लाता है। इस तरह के अनेक उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं, जो सामाजिक हित में नहीं हैं।

साधन सम्पन्न श्री साईं इससे बिलकुल अलग थे; पूर्णता प्राप्त होने के कारण सभी सिद्धियाँ स्वाभाविक रूप से उनमें स्थित थीं। उन्होंने पवित्र सिद्धियों को कभी भी उपयोग में नहीं लाया तथा न ही उनकी कभी ऐसी कोई इच्छा हुई। बाबा द्वारा सिद्धियों के दुरुपयोग का तो प्रश्न ही नहीं उठता! उनके हृदय में हमेशा भगवद् जाप चलता रहता था तथा निद्रा उनसे सदैव दूर रहती थी। वे परब्रह्म ईश्वर थे, इसलिए खुले नेत्र रख कर ही निद्रा को पूरी कर लेते थे। वे यौगिक क्रियाओं में भी पूरी तरह निपुण थे तथा तत्वों पर उनका पूर्ण नियंत्रण था। वे खण्ड योग में भी अपने शरीर को अलग-अलग करके पुन: पूर्ववत् जोड़ देते थे।

एक बार की घटना है कि शिर्डी में काफ़ी तेज तूफ़ान आया और इतनी तेज मूसलाधार वर्षा हुई कि चारों ओर जल ही जल दिखाई देने लगा। तब शिर्डी के लोगों ने मस्जिद में आकर साधन सम्पन्न श्री साईं से अपने बचाव के लिए प्रार्थना की, तो बाबा ने मस्जिद के निकट खड़े होकर बादलों की ओर दृष्टि करके गरजते हुए शब्दों में कहा - ''बस्, शांत हो जाओ!'' सभी को





महान् आश्चर्य हुआ कि कुछ समय के पश्चात् ही भारी वर्षा का ज़ोर कम होकर वायु धीमी पड़ गई तथा आँधी भी शांत हो गई!


एक अन्य अवसर की घटना है कि मध्याह्न के समय मस्जिद में धूनी की अग्नि इतनी अधिक प्रचण्ड हो गई कि उसकी लपटें ऊपर छत तक पहुँचने लगीं। उस समय मस्जिद में बैठे हुए भक्तों की समझ में यह नहीं आया कि जल डाल कर अग्नि को शांत किया जाए अथवा कोई दूसरा उपाय काम में लाए। साधन सम्पन्न श्री साईं अन्तर्यामी थे। वे शीघ्र ही परिस्थिति को जान गए और उन्होंने अपना सटका उठा कर सामने के खम्भे पर बलपूर्वक प्रहार करते हुए कहा, ''नीचे उतरो और शांत हो जाओ!'' बाबा के सटके की हरेक ठोकर पर अग्नि की लपटें कम होने लगीं और कुछ ही मिनटों के अंदर धूनी पूरी तरह शांत और यथावत् हो गई।

साधन सम्पन्न श्री साईं मस्जिद से पर्याप्त दूरी पर एक बरगद के पेड़ के नीचे अपनी आँतें स्वच्छ करने की क्रिया भी किया करते थे। शिर्डी के लोगों ने भी बाबा की इस क्रिया की सत्यता की पुष्टि की है कि वे अपनी आँतों को उदर से बाहर निकाल कर उन्हें कुँए के पानी से चारों ओर से स्वच्छ करके निकट के वृक्ष पर सूखने के लिए रख देते थे और आँतों के सूखने के पश्चात् उनको पहले की भाँति पुन: उदर में स्थापित कर देते थे।

साधन सम्पन्न श्री साईं कभी-कभी खण्ड योग भी करते थे। वे खण्ड योग में अपने हाथ, पैर आदि को धड़ से अलग कर देते थे। लोग उनके अंगों को मस्जिद में इधर-उधर बिखरा हुआ देखते थे; लेकिन वे कुछ समय के पश्चात् उनको पूर्ववत हृष्ट-पुष्ट और स्वस्थ देख कर आश्चर्यचकित हो जाते थे। साधन सम्पन्न श्री साईं को यौगिक क्रियाएँ बचपन में ही प्राप्त हो गई थीं, लेकिन किसी को भी इस सत्यता का ज्ञान नहीं था।



श्री साईं बाबा के एक परम भक्त नानासाहेब डेंगले एक चार हाथ लम्बा और एक हथेली चौड़ा लकड़ी का तख़्ता उनके शयन हेतु मस्जिद में लेकर आए। लेकिन, बाबा ने इस तख़्ते को नीचे न रख कर पुरानी चिंदियों (पुराने बेकार कपड़े से बनाई गई कमज़ोर रस्सी) से मस्जिद की बल्ली से झूले के समान बाँध कर उस पर शयन करना प्रारम्भ कर दिया। चिंदियों के बिलकुल पतली और कमज़ोर होने के कारण लोगों को उसका झूला बनाना तथा उसके चारों कोनों पर चार मिट्टी के दीपक जला कर रखना एक पहेली सा बन गया। लोग हैरान थे कि जब चिंदियाँ तख़्ते का भी वजन सहन नहीं कर सकती, तो बाबा के शरीर का भार कैसे सहन करेगी? वे बाबा को तख़्ते पर बैठे या शयन करते हुए देख कर आश्चर्यचकित होते थे कि वे किस प्रकार तख़्ते पर, जिसके चारों कोनों पर दीपक प्रज्वलित रहते थे, चढ़ते होंगे एवं किस प्रकार नीचे उतरते होंगे? सभी इस रहस्य को जानने के लिए दृष्टि लगा कर रखते थे; लेकिन कोई भी इस रहस्य को समझने में सफल नहीं हो सका। इस रहस्य को जानने के लिए लोगों की भीड़ निरंतर बढ़ने लगी। इसलिए, बाबा ने एक दिन उस तख़्ते के टुकड़े–टुकड़े कर दिए और फिर



कभी भी उसको उपयोग में नहीं लाया।

श्री साईं बाबा एक बार इस तख़्ते की महत्ता का ज़िक्र काकासाहेब दीक्षित को सुना रहे थे, तब दीक्षित ने उनसे कहा कि यदि अभी भी आपको उससे विशेष स्नेह है तो मैं मस्जिद में एक दूसरी पटिया लटकाए देता हूँ; आप सुख से उस पर शयन किया करें। तब साधन सम्पन्न श्री साईं ने कहा, ''अब म्हालसापति को नीचे छोड़ कर मैं ऊपर नहीं सोना चाहता।'' दीक्षित ने कहा, ''यदि आज्ञा दें तो मैं एक और तख़्ता म्हालसापति के लिए भी टाँग दूँ।'' इस पर उन्होंने कहा, ''वह इस पर कैसे सो सकता है? क्या यह कोई सहज कार्य है? केवल वही तख़्ते पर सो सकता है, जो सर्वगुण सम्पन्न हो! जो खुले नेत्र रख कर निद्रा ले सके, वही इसके योग्य है। जब मैं शयन करता हूँ तो बहुधा म्हालसापति को अपने बाजू में बैठा कर उससे कहता हूँ कि मेरे हृदय पर अपना हाथ रख कर देखते रहना कि कहीं मेरा भगवद् जाप बंद न हो जाए और मुझे यदि थोड़ा–सा भी निद्राग्रस्त देखो तो तुरन्त जागृत कर दो, परन्तु उससे तो यह भी नहीं हो सकता। वह तो स्वयं ही झपकी लेने लगता है और निद्रामग्न होकर अपना सिर डुलाने लगता है तथा जब मुझे भगत का हाथ पत्थर–सा भारी प्रतीत होने लगता है तो मैं ज़ोर से पुकारता हूँ कि

'ओ भगत!' तब कहीं वह घबरा कर नेत्र खोलता है। जो पृथ्वी पर ही अच्छी तरह बैठ और सो नहीं सकता तथा जिसका आसन सिद्ध नहीं है और जो निद्रा का दास है, वह क्या तख़्ते पर सो सकेगा?''

साधन सम्पन्न श्री साईं भक्तों के प्रेमवश उपयुक्त समय पर कहा करते थे – ''अपना अपने साथ और उसका उसके साथ।'' अर्थात्, किसी को किसी दूसरे की नीति की नक़ल न करके अपनी प्रकृति के अनुसार ही कार्य करना चाहिए।

साधन सम्पन्न श्री साईं वर्ष १९१० में दीपावली के शुभावसर पर मस्जिद में धूनी के समीप बैठ कर उसमें लकड़ियाँ डालते हुए अग्नि ताप रहे थे और धूनी प्रचण्डता से प्रज्वलित थी। उन्होंने कुछ समय बाद लकड़ियाँ डालने के बदले जब अपना हाथ धूनी में डाला तो भक्तों ने उनको बलपूर्वक पीछे खींच लिया। इस बीच बाबा का हाथ बुरी तरह झुलस गया। माधवराव देशपांडे ने बाबा से पूछा, ''देवा, आपने ऐसा क्यों किया?'' बाबा सावधान होकर कहने लगे, ''यहाँ से कुछ दूरी पर एक लुहारिन जब भट्टी धौंक रही थी, उसी समय उसके पति ने उसे बुलाया। कमर से बँधे हुए शिशु का ध्यान छोड़ वह शीघ्रता से वहाँ दौड़ कर गई। शिशु फिसल कर भट्टी में गिरने वाला ही था, मैंने तुरन्त भट्टी में हाथ डाल कर शिशु के प्राण बचा लिए। मुझे अपना हाथ जल जाने का कोई दुःख नहीं है, परन्तु मुझे संतोष है कि एक मासूम शिशु के प्राण बच गए।'' जब नानासाहेब चाँदोरकर को शामा के माध्यम से बाबा का हाथ जलने का समाचार प्राप्त हुआ, तब वे मुम्बई से एक सुप्रसिद्ध चिकित्सक (डॉ. परमानंद) के साथ दवाई इत्यादि लेकर उपचार के लिए तुरन्त शिर्डी आए। लेकिन, साधन सम्पन्न श्री साईं ने डॉ. परमानंद को अपने जले हुए हाथ का उपचार करने की अनुमति नहीं दी।

श्री साईं बाबा के जले हुए हाथ पर भागोजी शिंदे घी मल कर और उसके ऊपर एक पत्ता रख कर पट्टी कस कर बाँधते थे। कुछ दिनों के पश्चात् बाबा के हाथ का घाव भर गया। परन्तु, फिर भी उसमें कुछ पीड़ा शेष रह गई, लेकिन यह किसी को भी ज्ञात नहीं था। बाबा के ब्रह्मलीन होने तक शिंदे प्रतिदिन प्रातःकाल घी से उनके हाथ की मालिश करके पट्टी बाँधा करते थे। यद्यपि पूर्ण सिद्ध और साधन सम्पन्न श्री साईं को शिंदे की ऐसी सेवा की कोई आवश्यकता नहीं थी, लेकिन उन्होंने भक्तों के





प्रेमवश ही उनकी इस सेवा को नियमित तौर पर स्वीकार किया।

श्री साईं बाबा जब लेंडी बाग टहलने के लिए जाते थे, तब शिंदे छाता लेकर उनके साथ जाते थे और प्रतिदिन सुबह मस्जिद में धूनी के पास आसन पर बाबा के विराजमान होने से पहले ही उपस्थित रह कर अपना कार्य प्रारम्भ कर देते थे। शिंदे की कुष्ठ रोग से हाथ व पैरों की उँगलियाँ गल चुकी थीं तथा शरीर में भी मवाद रहती थी, जिस कारण दुर्गंध आती थी। वे बाहर से दुर्भागी प्रतीत होते थे; लेकिन बाबा के मुख्य सेवक होने के कारण अत्यधिक भाग्यशाली व सुखी थे। साधन सम्पन्न श्री साईं के सान्निध्य का उन्हें पूरा लाभ मिलता था।

मनुष्य को मानव शरीर प्राप्त होना अत्यंत दुर्लभ है। उसे यह शरीर परमात्मा से मानव जाति के कल्याण हेतु प्राप्त हुआ है। चूँकि राग–द्वेष, अहंकार से रहित होने पर ही हृदय शांति का स्थल बनता है तथा निर्मल व शांत हृदय में ईश्वर प्रकट होते हैं; इसलिए मनुष्य को परमात्मा से मिलन के लिए अपने मन से विषय–विकारों को दूर कर हृदय को निर्मल बनाने का सतत प्रयास करना चाहिए। सद्गुरू का ध्यान परमात्मा के निकट पहुँचने की सर्वोत्तम सीढ़ी है तथा उनकी शरण में पहुँचने पर जन्म–मरण के झंझट से छुटकारा मिलता है। इसलिए मनुष्य को जन्म–मरण व सांसारिक दुःखों से छुटकारा पाने के लिए सद्गुरू श्री साईंनाथ महाराज के श्री–चरणों में अपना ध्यान लगा कर उनके नाम का सुमिरन करना चाहिए।

साधन सम्पन्न श्री साईं फ़क़ीरी का जीवन व्यतीत करते हुए मानव जाति से ही नहीं, बल्कि पशु–पक्षी से भी प्रेम करते थे तथा उनके भोजन–पात्र में कुत्ते, बिल्लियाँ, कौवे इत्यादि भी मुँह डाल कर स्वतन्त्रता से भोजन ग्रहण करते थे। लेकिन, उन्होंने इसके लिए कभी



भी कोई आपत्ति नहीं की। वे भूखे–प्यासे, दरिद्र, अनाथ, ग़रीब व बेसहारा लोगों की पीड़ा को अपनी स्वयं की पीड़ा समझते थे। उन्होंने दरिद्रों से भी दरिद्र और अमीरों से भी अमीर के बीच इन्सानियत, भाईचारे और समानता का शुभ संदेश अपने सेवा कार्य के माध्यम से दिया। उन्होंने किसी भी धर्म के साथ कोई भेदभाव नहीं किया तथा न ही ग़रीबों या अमीरों के बीच। उनका कहना था कि जो दूसरों को पीड़ा पहुँचाता है, वह मेरे हृदय को दु:ख देता है तथा मुझे कष्ट पहुँचाता है। इसके विपरीत जो स्वयं कष्ट सहन करता है, वह मुझे अधिक प्रिय है।

श्री साईं बाबा परब्रह्म साधन सम्पन्न होकर भी भिक्षा उपार्जन करते थे तथा फ़क़ीर के रूप में दरवाज़े पर खड़े होकर पुकारा करते थे – ''ओ माई! एक रोटी का टुकड़ा मिलेगा?'' वे उस टुकड़े को प्राप्त करने के लिए अपना हाथ फैलाया करते थे। वे एक हाथ में टमरेल (टीन का बर्तन) और दूसरे हाथ में झोली लिए रहते थे। वे साग, दूध, छाछ इत्यादि पदार्थों को टिनपाट में लेते थे और भात व रोटी आदि अन्य सूखी वस्तुएँ झोली में डाल लेते थे। वे कुछ घरों के द्वार पर रोज़ाना भिक्षा लेने के लिए जाते थे और किसी–किसी के द्वार पर केवल फेरी ही लगाते थे। उनकी जिह्वा को कोई स्वाद नहीं था। उन्होंने भोजन स्वादिष्ट है या नहीं, इस ओर कभी भी ध्यान नहीं दिया। वे पैर में जूता या चप्पल भी नहीं पहनते थे। वे कहा करते थे – ''फ़क़ीरी ही सच्ची अमीरी है और उसका कोई अन्त नहीं है तथा जिसे अमीरी के नाम से पुकारा जाता है, वह शीघ्र ही गायब हो जाने वाली है।''

सखाराम पाटिल शेलके एक धनी किसान थे और बाबा के परम भक्त थे। चावड़ी से अगला घर उन्हीं का है। बाबा उनके और वामनराव गोंदकर के घर के बीच सड़क पर खड़े होकर आवाज़ लगाते थे – ''सखाराम, रोटी दे!'' सखाराम शेलके के घर के ठीक सामने वामनराव गोंदकर का मकान है। वे भी बाबा के भक्त थे और एक धनी जमींदार थे। बाबा उनके घर से भी भिक्षा माँगा करते थे। बयाजी अप्पा कोते पाटिल बिरगाँव के जमींदार थे। उन्होंने १२ वर्ष की उम्र से ही बाबा की सेवा आरम्भ कर दी थी। बाबा उनके घर से भी भिक्षा लिया करते थे। साधन सम्पन्न श्री साईं ने उनके पिता की मृत्यु की पूर्व सूचना देकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। वे नंदराम, जिनका घर द्वारकामाई के ठीक सामने है, के यहाँ भी भिक्षा लेने के लिए जाते थे। लेकिन, वे इनके घर सबसे अंत में भिक्षा के लिए पहुँचते थे।

श्री साईं बाबा दिन में जंगल में काफ़ी दूर निकल कर एकांत में शांत और ध्यानमग्न बैठ जाते थे। बायजाबाई उनके लिए ताज़ा भोजन बनाती थीं। वे दोपहर में कोसों दूर जंगल में बाबा को तलाश करके उनके श्री–चरण पकड़ लेती थीं और पत्तल बिछा कर उस पर रोटी, साग आदि परोस कर उन्हें बड़े प्रेम से भोजन खिलाती थीं। बायजाबाई और उनके पुत्र तात्या कोते पाटिल की बाबा के ऊपर दृढ़ निष्ठा थी तथा उन्होंने बाबा की सदैव ईश्वर के समान ही पूजा की। साधन सम्पन्न श्री साईं ने बायजाबाई की सेवा को देख कर उनके पुत्र तात्या को बहुत लाभ पहुँचाया। कुछ वर्षों के पश्चात् साईं ने जंगल में विचरन करना त्याग दिया और वे गाँव में ही रह कर मस्जिद में भोजन करने लगे। बाबा प्रतिदिन बायजाबाई से भिक्षा लिया करते थे।

साधन सम्पन्न श्री साईं के पास दक्षिणा के रूप में प्रतिदिन काफ़ी धनराशि इकट्ठी हो जाती थी। लेकिन, वे दक्षिणा से एकत्रित राशि में से केवल मामूली राशि ही अपने लिए (चिलम पीने की तम्बाकू, बीड़ी, धूनी के लिए लकड़ी, तेल इत्यादि हेतु) व्यय करते थे और शेष धनराशि ज़रूरतमंदों को उसी दिन विभिन्न राशि में भिक्षा स्वरूप देकर दूसरे दिन पुन: फ़क़ीर बन जाते थे। वे अक्सर बीड़ी या चिलम पिया करते थे और जली हुई दियासलाइयाँ एकत्रित करके अपनी जेब में भर लेते थे। यदि कोई उनके सामने एक पैसा रखता तो वे उसे स्वीकार कर लेते थे और यदि दो पैसे हुए तो उसमें से एक पैसा



तुरन्त वापस कर देते थे।

साधन सम्पन्न श्री साईं को सांसारिक पदार्थों से अरुचि थी तथा अधिक मूल्यवान पदार्थ लाने वालों से वे अति क्रोधित हो जाते थे और कभी-कभार अपशब्द भी कह देते थे। उनका कहना था कि मेरी सम्पत्ति केवल एक कौपीन और टमरेल है। लेकिन, लोग बिना कारण ही मूल्यवान पदार्थ लाकर मुझे दुखित करते हैं। वे उपहारों से सदैव दूर रहते थे। यदि कोई भक्त महँगे उपहार लेकर उनके पास आता तो वे उसको हाथ तक नहीं लगाते थे तथा भक्तों को आसक्तियों से छुटकारा दिलाने हेतु अर्पित किए जाने वाले उपहार को राधाकृष्णमाई नामक एक महिला भक्त के यहाँ भिजवा देते थे। वे हरेक से दक्षिणा भी नहीं लेते थे तथा उन्होंने सभी धनाढ्यों या निर्धनों से कभी दक्षिणा भी नहीं माँगी। वे दानवीरों में कर्ण के समान दानी थे। ब्रह्मलीन होने के समय उनके पास केवल ९ सिक्के थे, जिनको उन्होंने पहले ५ और बाद में ४ सिक्के के रूप में लक्ष्मीबाई शिंदे, जो उनकी परम भक्त थीं, को दान स्वरूप दिए थे।

शास्त्रों में बताया गया है कि ईश्वर, संत, गुरू और राजा के दर्शन अपनी क्षमता के अनुसार कुछ अर्पण किए बिना नहीं करने चाहिए और उनको दक्षिणा ज़रूर देनी चाहिए। चूँकि, बिना विश्वास के दिया गया दान व्यर्थ होता है, इसलिए दान भी विश्वास के साथ उदार हृदय व विनम्र बन कर आदर और सहानुभूति से करना चाहिए।

श्री साईं बाबा बहुत समय तक भक्तों से कुछ भी स्वीकार नहीं करते थे और यदि कोई उनके बिना माँगे दक्षिणा भेंट करता था तो वे उसे कभी स्वीकार और कभी अस्वीकार भी कर देते थे। वे केवल भक्तों से ही कुछ



दक्षिणा माँगा करते थे। उन्होंने उन लोगों से कभी भी कुछ नहीं माँगा, जो सोचते थे कि उनके माँगने पर ही दक्षिणा देंगे। यदि किसी ने उनकी इच्छा के विरुद्ध दक्षिणा दे भी दी तो वे उसे वहाँ से उठाने के लिए कह देते थे। बाबा कभी-कभार महिलाओं व बालकों से भी दक्षिणा ले लिया करते थे। लेकिन, उनके माँगने पर जो दक्षिणा नहीं दे पाते थे, वे उनसे क्रोधित भी नहीं होते थे।

यदि किसी के माध्यम से श्री साईं बाबा के लिए दक्षिणा भिजवाई गई होती और उसका उसे स्मरण न रहता तो बाबा किसी न किसी प्रकार उसे स्मरण करा कर वह दक्षिणा ले लेते थे। कई अवसरों पर वे दक्षिणा की राशि में से कुछ राशि लौटा भी देते थे और देने वालों को सम्भाल कर रखने या पूजा-स्थल में रखने के लिए कह देते थे। ऐसा करने से भक्तों को बहुत लाभ पहुँचता था। यदि कोई अपनी इच्छित राशि से अधिक राशि भेंट करता तो वे अधिक राशि को लौटा देते थे। लेकिन, वे कभी-कभार इच्छित राशि से भी अधिक राशि की माँग कर लेते थे और यदि उसके पास राशि नहीं होती तो दूसरों से उधार लेने या माँगने के लिए भी कह देते थे।

कुछ लोगों की यह शंका हो सकती है कि जब साधन सम्पन्न श्री साईं फ़क़ीर और पूर्ण विरक्त थे तो क्या उनका दक्षिणा ग्रहण करना और कांचन को महत्त्व देना उचित था? इस सम्बन्ध में यह उल्लेख करना उचित होगा कि जब उनकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई तो बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शन हेतु आने लगे। कुछ लोगों का यह विचार भी था कि बिना कुछ भेंट किए संतों का दर्शन करना उचित नहीं है, इसलिए वे बाबा के दर्शन करते समय उनके सामने पैसे रखने लगे। बाबा ने भक्तों को कांचन त्याग की शिक्षा देने, उनकी आसक्ति दूर करने व चित्त शुद्ध कराने के लिए ही दक्षिणा लेना प्रारम्भ किया। यदि भक्त इन परीक्षाओं में सफल हो जाए, अर्थात् यह साबित हो जाए कि वे कामिनी और कांचन की आसक्ति से विरक्त हो गए हैं तो बाबा की अनुकम्पा और आशीर्वाद से उनकी आध्यात्मिक उन्नति निश्चित रूप से हो जाती थी। साधन सम्पन्न श्री साईं का दक्षिणा लेने का मुख्य ध्येय भक्तों को केवल शुद्धिकरण की शिक्षा देना था।


काका महाजनी अपने एक मित्र के साथ श्री साईं



बाबा के दर्शन करने के लिए शिर्डी आए, तो उन्होंने महाजनी से दोपहर में और विदाई के दौरान दो बार दक्षिणा माँगी, लेकिन उन्होंने उनके मित्र से दक्षिणा के बारे में कुछ नहीं कहा। तब मित्र ने महाजनी से कहा, ''भाई! देखो, बाबा ने तुमसे तो दो बार दक्षिणा माँगी, परन्तु मैं भी तो तुम्हारे साथ हूँ; फिर वे मेरी इस प्रकार उपेक्षा क्यों करते हैं?'' महाजनी ने उन्हें उत्तर दिया, ''बेहतर तो यह होगा कि तुम स्वयं ही बाबा से पूछ लो।'' तब उनके मित्र ने बाबा से पूछा, ''क्या मैं भी आपको दक्षिणा दूँ?'' बाबा ने कहा, ''तुम्हारी अनिच्छा देख कर मैंने तुमसे दक्षिणा नहीं माँगी, परन्तु यदि तुम्हारी इच्छा ऐसी ही है तो तुम दक्षिणा दे सकते हो।'' तब महाजनी के मित्र ने बाबा को १७ रु. दक्षिणा में दिए।

साधन सम्पन्न श्री साईं ने कई अवसरों पर दक्षिणा स्वीकार भी नहीं की। एक बार गोवा से दो व्यक्ति बाबा के दर्शन करने हेतु शिर्डी आए। वे दोनों एक साथ ही बाबा के दर्शन हेतु मस्जिद में आए। लेकिन, बाबा ने केवल एक व्यक्ति से दक्षिणा में १५ रु. माँगे, जो उसने उनको आदर सहित दे दिए। दूसरे व्यक्ति ने बाबा को जब ३५ रु. दक्षिणा के रूप में दिए तो उन्होंने दक्षिणा लेने से मना कर दिया। उस समय वहाँ उपस्थित सभी लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ तथा शामा ने बाबा से कहा, ''देवा! यह क्या, ये दोनों एक साथ ही तो आए हैं। इनमें से एक की दक्षिणा तो आप स्वीकार करते हैं और दूसरा, जो अपनी इच्छा से भेंट दे रहा है, उसे अस्वीकार कर रहे हैं? यह भेद क्यों?'' तब बाबा ने कहा, ''शामा! तुम नादान हो। मैं किसी से कभी कुछ नहीं लेता। यहाँ तो मस्जिदमाई ही अपना ऋण माँगती है, और इसलिए देने वाला अपना ऋण चुकता कर मुक्त हो जाता है। क्या, मेरे पास कोई घर, सम्पत्ति या बाल-बच्चे हैं, जिनके लिए मुझे चिंता हो? मुझे तो किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है। मैं तो सदा स्वतन्त्र हूँ।''

साधन सम्पन्न श्री साईं ने आगे कहा, ''अपने जीवन के पूर्वाद्र्ध में ये महाशय निर्धन थे। इन्होंने ईश्वर से प्रतिज्ञा की थी कि यदि मुझे नौकरी मिल गई तो मैं एक माह का वेतन तुम्हें अर्पण करूँगा। इन्हें १५ रु. माहवार की एक नौकरी मिल गई। फिर उत्तरोत्तर उन्नति होते-होते ३०, ६०, १००, २०० और अंत में ७०० रु. तक



मासिक वेतन हो गया। परन्तु, समृद्धि पाकर ये अपना वचन भूल गए और इसे पूरा न कर सके। अब अपने शुभ कर्मों के प्रभाव से ही इन्हें यहाँ तक पहुँचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अत: मैंने इनसे केवल १५ रु. ही दक्षिणा माँगी, जो इनके पहले माह की पगार थी।''

साधन सम्पन्न श्री साईं ने एक बार प्रो. सी.के. नारके से १५ रु. दक्षिणा माँगी, तो प्रो. नारके ने कहा कि मेरे पास तो एक पैसा भी नहीं है। तब साईं ने कहा, ''मैं जानता हूँ, तुम्हारे पास कोई द्रव्य नहीं है; परन्तु तुम योग वशिष्ठ का अध्ययन तो करते हो, उसमें से ही दक्षिणा दो!'' यहाँ पर दक्षिणा का अर्थ है - पुस्तक से शिक्षा ग्रहण कर हृदयंगम करना, जो श्री साईं बाबा का निवास स्थल है। उन्होंने एक दूसरी घटना में राधाबाई तर्खड से ६ रु. दक्षिणा माँगी, तो वे बहुत दु:खी हुईं; क्योंकि उनके पास भी उस समय देने के लिए कुछ नहीं था। तब उनके पति बाबासाहेब तर्खड ने उनको समझाया कि बाबा का अर्थ तो षड्रिपुओं, अर्थात् काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, ईर्ष्या से है, जिन्हें उनको समर्पित कर देना चाहिए। श्री साईं बाबा इस अर्थ से सहमत हो गए।

बालाजी पाटिल नेवासकर नामक एक व्यक्ति श्री साईं बाबा के परम भक्त थे और उनकी निष्काम सेवा करते थे। नेवासकर अपनी फ़सल को काट कर पूरा अनाज सर्वप्रथम बाबा को अर्पित करते थे। बाबा उसमें से कुछ अनाज रख कर बाकी नेवासकर को लौटा देते थे। नेवासकर बाबा द्वारा वापस किए गए अन्न से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन के बाद यह काम उनके पुत्र ने जारी रखा। नेवासकर सुबह उठ कर उस मार्ग की भी सफ़ाई करते थे, जिस रास्ते से बाबा दिन में निकलते थे। इसके पश्चात् यह कार्य श्री साईं बाबा की परम भक्त राधाकृष्णमाई और अब्दुल ने जारी रखा।

गणपतराव बोडस एक प्रसिद्ध कलाकार थे। उन्होंने श्री साईं बाबा के आग्रह करने पर अपनी रुपयों की थैली उनके समक्ष उड़ेल दी, तो उन्हें जीवन में धन का कभी भी अभाव न होकर प्रचुर मात्रा में लाभ ही हुआ।

साधन सम्पन्न श्री साईं ने काका महाजनी को दक्षिणा के बारे में एक बार बताया था - ''यदि मैं किसी से एक रुपया दक्षिणा लेता हूँ तो उसे दस गुना लौटाया करता हूँ। मैं किसी की कोई वस्तु बिना मूल्य नहीं लेता और न ही प्रत्येक से माँगता हूँ। जिसकी ओर फ़क़ीर अर्थात् भगवान् इंगित करते हैं, उससे ही मैं माँगता हूँ और जो गत जन्म का ऋणी होता है, उसकी ही दक्षिणा स्वीकार हो जाती है। दानी देता है और भविष्य में सुंदर उपज का बीजारोपण करता है। धन का उपयोग धर्मोपार्जन के निमित्त होना चाहिए। यदि धन व्यक्तिगत आवश्यकताओं में व्यय किया गया तो यह उसका दुरुपयोग है। यदि तुमने पूर्व जन्मों में दान नहीं दिया है तो इस जन्म में पाने की आशा कैसे कर सकते हो? इसलिए यदि प्राप्ति की आशा रखते हो तो अभी दान करो! दक्षिणा देने से वैराग्य की वृद्धि होती है और वैराग्य प्राप्ति से भक्ति और ज्ञान बढ़ जाते हैं। एक दो, और दस गुना लो!''

साधन सम्पन्न श्री साईं कांचन को आध्यात्मिक उन्नति में बाधक मानते थे और भक्तों को भी इससे दूर रखते थे। पं. म्हालसापति बाबा के बहुत नज़दीकी भक्त थे और एक निर्धन परिवार से थे। वे बड़ी कठिनाई से अपना जीवन व्यतीत करते थे। लेकिन, श्री साईं बाबा को जो दक्षिणा प्राप्त होती थी, उसमें से वे उनको न तो कुछ देते थे और न ही किसी से कुछ माँगने देते थे। एक बार एक दयालु सहृदय व्यापारी हंसराज ने बाबा की उपस्थिति में एक बड़ी धनराशि पं. म्हालसापति को दी, तो बाबा ने उनसे इस रक़म को लेने से इन्कार करवा दिया। बाबा अपने भक्त में धन के प्रति वैराग्य (उदासीनता) के भाव को दृढ़ करते थे। उनका कहना था - ''द्रव्य (धन) मेरे भक्त को प्रलोभन नहीं दे सकता। वह कभी भी धन के वैभव के पाश में नहीं फँसेगा।''

साधन सम्पन्न श्री साईं की महिमा बड़ी अनोखी है, उनकी महिमा को कोई भी नहीं आँक सकता। वे सम्पूर्ण भू-मण्डल में व्याप्त हैं, सभी लोकों में उनका वास है तथा सभी ग्रह उनसे गति पाते हैं। वे शिर्डी में रहते हुए भी अपने भक्तों के लिए कहीं भी दौड़ कर पहुँच जाते हैं तथा उनके कष्टों व संकटों का हरण करके अपनी शक्ति का अनुभव कराते हैं। उनकी सभी लीलाएँ चमत्कारों से भरी हुई हैं तथा मनुष्य तो क्या, देवता भी उनकी लीलाओं को समझने में असमर्थ हैं।

साधन सम्पन्न श्री साईं की अनुकम्पा से सूर्य व चन्द्र देव मनुष्य को यश, प्रताप और शीतलता प्रदान करते हैं तथा मंगल और बुध ग्रह भी भक्तों का कल्याण एवं

उनके ज्ञान में वृद्धि करते हैं। जो भक्त उनकी उदी (धूनी) को मस्तक पर धारण करते हैं, बृहस्पति ग्रह उन्हें सभी सुखों से परिपूर्ण कर देता है। साधन सम्पन्न श्री साईं के श्री–चरणों में पहुँचने पर शुक्र ग्रह अनिष्ट नहीं कर पाता तथा शनि ग्रह की भी सही दिशा आ जाती है और राहू ग्रह की विनाशकारी दशा स्वत: लुप्त हो जाती है। उनकी कृपा से केतु ग्रह शुभ दिशा में रह कर भक्तों को लाभ पहुँचाता है। श्री साईं बाबा की शरण में जो भी व्यक्ति सच्ची निष्ठा से आता है और श्रद्धा से उनके नाम का सुमिरन करके प्रतिदिन पूजा–अर्चना करता है, उसके पाप नष्ट होकर सभी ग्रह सही दिशा में पहुँच कर अथाह लाभ पहुँचाते हैं।

साधन सम्पन्न श्री साईं का सम्पूर्ण जीवन और उनकी गाथाएँ विचित्रता एवं संदेशों से भरी हुई हैं, आवश्यकता केवल उन संदेशों को समझने व आत्मसात करने की है। वे साक्षात् ईश्वर हैं, अंतर्यामी हैं, सर्वव्यापक हैं तथा प्रकृति में समाहित हैं। वे सबके हृदय में विराजमान हैं तथा हर रूप का प्रतिरूप हैं। वे भीतर तथा बाहर सर्वत्र हैं एवं उनका व्यक्तित्व बहुआयामी हैं। उनकी दया से समस्त सशंय दूर हो जाते हैं तथा विष भी अमृत बन जाता है। जैसे एक लड़का आसमान में पंतग उड़ाते–उड़ाते अपने साथियों के साथ बातचीत करता रहता है, लेकिन अपना मन पतंग की डोरी में लगा कर रखता है तथा सुनार भी ग्राहकों के साथ बातचीत करते हुए सोने में अपना मन लगाए रखता है, उसी तरह मनुष्य को भी अपने क्रियाकलाप करते हुए मन को सदैव श्री साईंनाथ महाराज के श्री–चरणों में लगा कर अपने सांसारिक जीवन को सफल बनाना चाहिए।

जिस प्रकार परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने परिवार के हित के लिए कार्य करता है, अगर उसी भावना से वह सभी वर्ग के हित के लिए भी काम करे तो मानव जाति का कल्याण सम्भव है। इसी भावना से समाज में हिंसा, आतंक, भय व भेदभाव जैसी जटिल बुराइयों को समाप्त किया जा सकता है। जीवन में सद्गुरू का विशेष महत्त्व है तथा वे ही मनुष्य को सद्मार्ग पर चलना सिखाते हैं। जीवन में सुख–शांति प्राप्त करने के लिए मन–वचन–कर्म से पवित्रता अपनाना आवश्यक है। श्रद्धालु को जब श्री साईंनाथ महाराज की कृपा प्राप्त होती है, तब विश्वास व श्रद्धा स्वत: प्रबल हो जाती है तथा उनके ध्यान के माध्यम से प्राप्त शक्ति उसे पवित्रता धारण करने के लिए बल प्रदान करती है।

साधन सम्पन्न श्री साईं की फ़क़ीरी बड़ी ही अद्भुत एवं अलौकिक है। वे देश के सभी राज्यों, विशेषत: महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, गोवा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, राजस्थान, झारखण्ड, हरियाणा, पुदुच्चेरी, अण्डमान और निकोबार में विशेष रूप से पूजनीय और पूजे जाते हैं तथा विश्व के अनेक देश, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो, गुयाना, सूरीनाम, फिजी, मॉरीशस, दक्षिण अफ़्रीका, नीदरलैंड, न्यूज़ीलैंड, केन्या, बेनिन, क्यूबा, कनाडा, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान, कैरेबियन, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, जर्मन, फ्रान्स और सिंगापुर इत्यादि शामिल हैं, में उनके अनेक भक्त, अनुयायी तथा धार्मिक मंदिर हैं।

विश्व में अनेक ऐसे व्यक्ति हैं, जो बड़े विद्वान हैं, लेकिन आचार और व्यवहार की दृष्टि से शून्य हैं। उनका व्यवहार इतना रूखा और कटु है कि दूसरा कोई भी व्यक्ति उनके साथ रहना पसंद नहीं करता। यह सत्य है कि मनुष्य एक विवेकशील प्राणी है और उसने बुद्धि का विकास किया है। लेकिन, फिर भी उसका जीवन विसंगतियों और विरोधाभासों से भरा हुआ है। इन विसंगतियों और विरोधाभासों को मिटाने तथा पारिवारिक समृद्धि व जीवन के कष्टों से मुक्त होने के लिए मनुष्य को सच्ची निष्ठा से साधन सम्पन्न परब्रह्म ईश्वर होते हुए भी फ़क़ीरी का साधारण–सा जीवन व्यतीत कर लोगों को अथाह सुख–शांति पहुँचाने वाले श्री साईं बाबा की शरण में आकर उनकी नियमित रूप से भक्ति कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

**श्री नारायणा वासुदेवाय सच्चिदानंद**
**समर्थ सद्गुरू श्री साईनाथाय नम:।।**

**– सुरेश चन्द्र**
जे – ३४ (भू–तल),
साऊथ एक्सटेंशन – १, नई दिल्ली – ११० ०४९.
ई–मेल : **sureshchandra1962@gmail.com**
संचार ध्वनि : **(०)९८१८६३९००२**

# "यह संयोग नहीं, साईं की योजना है।"

श्री साईं बाबा ने कहा था, ''मैं धागे से बँधी चिड़िया की तरह अपने भक्तों को अपनी ओर खींच लेता हूँ।'' भक्त ही नहीं, बाबा ने तो ऐसे लोगों को भी, जो उनके भक्त नहीं थे, ऋणानुबंध के कारण अथवा किसी विशेष उद्देश्य से अपनी तरफ़ खींचा था। बाबा की शरण में आकर वे उनके अनन्य भक्त हो गए। बाबा की यह अद्भुत चुम्बकीय शक्ति, उनके जीवनकाल में ही नहीं, महासमाधि के वर्षों बाद आज भी उसी तरह क्रियाशील है। उनका निर्गुण तत्त्व अब भी यह लीला कर रहा है। इसके अनेक उदाहरण हैं। उनमें से एक मोहन जी भी हैं।

सन उन्नीस सौ पैंसठ। फ़रवरी की तेईस तारीख को भारत में केरल राज्य के पल्लकड़ नगर में डॉक्टर नम्बूदरी के यहाँ एक बालक का जन्म हुआ। नाम रखा गया मोहन। बचपन से ही वह मेधावी था। परिवार के सुसंस्कारों के बीच पला-बढ़ा। अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। आजीविका के लिए मध्य-पूर्व एशियाई देश की जहाजरानी उद्योग की एक कंपनी में बिक्री कार्यकारी की नौकरी स्वीकार कर ली। शुरू से ही मोहन का यह मानना था कि स्वयं को, स्वयं की परिस्थितियों को, चाहे वे जैसी भी हों, स्वीकार करो! परिस्थितियों की चुनौतियाँ स्वीकार करते हुए आगे बढ़ो! इसलिए उसे उच्च शिक्षित होने के बावजूद बिक्री कार्यकारी की साधारण सी नौकरी स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं हुआ। अपनी प्रतिभा, कर्मठता, संकल्प शक्ति और निरंतर प्रयास के बलबूते एक साधारण पद से शुरू करके प्रतिष्ठा के शीर्ष पदों तक पहुँचने की यात्रा उसने थोड़े ही समय में तय कर ली। अब 'मोहन' उद्योग और प्रबंधन की दुनिया का एक जाना-माना नाम बन चुका था।

तभी एक दुर्घटना घटी, जिसने उसकी जीवन यात्रा की दिशा ही बदल दी।... एक सड़क दुर्घटना में उसकी लाड़ली बेटी, अम्मू का देहांत हो गया। मोहन के हृदय को गहरा आघात लगा। दुष्काल का चक्र यहीं नहीं रुका। एक के बाद दूसरी अन्य और भी त्रासदियाँ हुईं, जिन्होंने मोहन को जीवन का अर्थ और स्वयं को जानने-समझने की खोजपूर्ण अभियान यात्रा पर चलने के लिए विवश कर दिया। एक सफल, शानदार, ऐश्वर्यपूर्ण कार्पोरेट पेशे को तिलांजलि देकर उसने अपना सम्पूर्ण समय और जीवन अध्यात्म, परमार्थ तथा विश्व कल्याण के हितार्थ समर्पित करने का निश्चय किया। परिणामस्वरूप, वह प्रतिभाशाली और महत्त्वाकांक्षी युवक 'मोहन' से अध्यात्म, परमार्थ, मानव सेवा और विश्व कल्याण के कर्मयोग का साधक, 'मोहन जी' बन गया।

सर्वप्रथम, मोहन जी ने अपनी स्वर्गीय पुत्री की स्मृति में 'अम्मू केयर चैरिटेबल ट्रस्ट' के नाम से भारत और दुबई में पहली धर्मार्थ न्यास संस्था की स्थापना की। स्वयंसेवकों द्वारा संचालित इस निर्लोभ संस्था की अनेक शाखाएँ देश-विदेश में आज भी वंचित, अभावग्रस्त ज़रूरतमंद लोगों को भोजन, कपड़ा, आवास और नि:शुल्क शिक्षा जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करते हुए मानव सेवा और जन कल्याण के महायज्ञ में अपनी आहुति दे रही हैं। इसकी भारतीय शाखाएँ भारत के तेईस राज्यों मे सेवारत हैं, जबकि अम्मू केयर ट्रस्ट फाउंडेशन अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, स्लोवीनिया, सर्बिया, मेसेडोनिया, क्रोशिया, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया समेत दुनिया के अट्ठाइस देशों मे जन सेवा और मानव कल्याण कार्यों के प्रति समर्पित है। कालांतर में मोहन जी ने जगत् को आध्यात्मिक ज्ञान की विधियों और शिक्षाओं से अवगत कराने के लिए 'मोहन जी फाउंडेशन' की स्थापना की, जिसका मुख्य उद्देश्य है, 'मानवीय मूल्यों के निवेश से एक बेहतर दुनिया का निर्माण'। दुनिया भर के सत्रह देशों में पंजीकृत इस फाउंडेशन का मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड में है। मानव हितार्थ ऐसी अन्यानेक संस्थाओं और मंचों की श्रृंखलाओं के निर्माण का सिलसिला अब भी जारी है। उदाहरणार्थ, 'हिमालयन अकैडमी ऑफ़ ट्रैडिशन', 'गुरुलाइट', 'वर्ल्ड कॉंशसनेस अलायन्स', 'सक्सेस एम्पॉवर्ड', 'अर्ली बर्ड्स क्लब', 'फ्रुट ट्री प्लांटेशन' अभियान।

मोहन जी के निर्देशन में 'एम्पॉवर्ड सिरीज़' आध्यात्मिक यात्रा के लिए साधकों के सशक्तीकरण के उद्देश्य से सुधारात्मक परिवर्तनकारी शिक्षण प्रदान करती है। इसके पाठ्यक्रम में व्यापक विषय शामिल हैं, जैसे कि ध्यान, सचेतनता, आत्मज्ञान, आत्मसाक्षात्कार,

एकात्मक अस्तित्व का लक्ष्य प्राप्त करने की व्यावहारिक विधियाँ। यह पाठ्यक्रम उन सभी के लिए उत्तम और सुलभ है, जो एक सुंदर और सफल जीवन जीने तथा अपने आत्मिक विकास के लिए उत्सुक हैं। मोहन जी ने विश्व भर में ऐसे केन्द्र खोले हैं जो रंग, जाति, धर्म और भौगोलिकता से ऊपर उठ कर मानव समाज को एक साथ लाने के उद्देश्य से सतत प्रयत्नशील हैं। उनकी मान्यता है कि प्रकृति और समस्त जीव-जंतु तथा प्राणियों के साथ मनुष्य का तादात्म्य स्थापित होना चाहिए। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में फ्रैंकलैंड नदी किनारे प्राकृतिक वातावरण में स्थापित 'मोहन जी सेंटर ऑफ़ बेनीवोलेंस' इस बात का साक्षी है। कनाडा में हरीभरी प्रकृति की गोद में बसा मोहन जी सेंटर स्थानीय वृक्षों और वन्य जीवन के लिए एक सुखद आश्रय प्रदान करता है।

दक्षिण भारत के तिरुवन्नमलई में पवित्र अरुणाचल पर्वत श्रेणी के निकट 'मोहन जी होम' परिवार और समाज द्वारा परित्यक्त वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रेमपूर्ण परिवार, सुरक्षा, मैत्रीभाव, शांति और अपनेपन का एहसास देता है। सर्बिया देश में ओवीनोवॉक के पास सत्ताईस हैक्टर क्षेत्रफल में विस्तारित 'मोहन जी पीस सेंटर' प्राचीन ग्रामीण माहौल की विशिष्टताओं के साथ आंचलिक, वैदिक और वैश्विक संस्कृतियों के संगम की रंगारंग झाँकी दर्शाता है। यहाँ मोहन जी द्वारा स्थापित श्री साईं बाबा का मंदिर भी उस देश का पहला मंदिर है। स्लोवीनिया के स्वेताआना नामक आकर्षक गाँव में निर्मित मोहन जी 'पीस सेंटर' प्रकृति के साथ गहन संबंध और सन्निकटता का अनुभव कराता है। दक्षिण अफ्रीका के नानोती ग्राम में स्थित 'मोहन जी सेंटर ऑफ़ बेनीवोलेंस' निर्धन, वंचित जन समुदाय के लिए मानो स्वर्ग के समान है! इस सेंटर से उन्हें न केवल मुफ़्त भोजन-कपड़ा, वरन् यहाँ मोहन जी द्वारा स्थापित श्री साईं बाबा के मंदिर से सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त होती है। इंग्लैंड में स्कॉटलैंड के हरिताभ शांत प्राकृतिक वातावरण में स्थित 'मोहन जी सेंटर ऑफ़ बेनीवोलेंस' वैयक्तिक सुधार और कायाकल्प के लिए ईश्वरीय वरदान की तरह है। अमेरिका की ब्लूरिज पर्वत श्रेणियों के बीच रचनात्मक और जागरूक जीवन का संदेश प्रसारित करता हुआ 'मोहन जी सेंटर ऑफ़ बेनीवोलेंस' मोहन जी की दिव्य दूरदृष्टि का परिचायक है।

सुधी पाठकगण! आप सोच रहे होंगे, मोहन जी की इन उपलब्धियों का श्री साईं बाबा से क्या संबंध? दरअसल, मोहन जी से मिलने के बाद मुझे ज्ञात हुआ कि उनके जीवन में आई क्रांतिकारी परिवर्तन की लहर के पीछे बाबा की अज्ञात योजना और प्रेरणा ही काम कर रही थी। मोहन जी ने बताया कि वे साईं बाबा के बारे में पहले कुछ नहीं जानते थे। बाबा ने उन्हें अपना पहला अनुभव तब दिया, जब वे मध्य-पूर्व एशियाई देशों में काम कर रहे थे। वहाँ से काम के सिलसिले में भारत आना-जाना लगा रहता था। एक बार एक व्यावसायिक कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने वे मुम्बई आए। उसी समय एक मीडिया हाउस ने उनका इन्टरव्यू करना चाहा। इन्टरव्यू के लिए जब वे स्टूडियो जा रहे थे, तो स्टूडियो के बाहर एक छोटा-सा श्री साईं बाबा का मंदिर दिखाई दिया। एक अज्ञात शक्ति ने उन्हें मंदिर के सामने रोक लिया। साईं भक्त न होते हुए भी उनके पाँव मंदिर के सामने जकड़ गए, ठहर गए। मस्तक साईं मूर्ति के आगे झुक गया। दोनों हाथ आप से आप जुड़ गए। श्रद्धा भाव से उन्होंने साईं का दर्शन किया। स्टूडियो




**SERBIA**







में भी साईं का भाव उनके मन–मस्तिष्क में बना रहा। इसलिए, इन्टरव्यू ख़त्म होने पर उन्होंने स्टूडियो के एक व्यक्ति से शिर्डी जाने की इच्छा जताई। वह व्यक्ति उन्हें शिर्डी ले जाने के लिए तैयार हो गया। उसने यह भी कहा, ''आज शिर्डी में बाबा आपको विशेष अनुभव देने वाले हैं।'' शिर्डी पहुँच कर मोहन जी ने श्री साईं बाबा की मूर्ति का दर्शन किया। दर्शन मात्र से उनका शरीर रोमांचित हो उठा। अंग–अंग में एक अनजानी लहर–सी दौड़ गई। एक सुखद सिहरन का एहसास हुआ। उन्होंने बाबा से प्रार्थना की **''बाबा, आपके दर्शन हेतु आने वाले भक्तों पर कृपा करना। उनकी मनोकामना पूरी करना।''** यह एक अद्भुत अनूठी प्रार्थना थी। आम तौर पर बाबा के दर्शन करने वाले भक्त अपने लिए या अपने किसी परिजन के लिए कुछ माँगते हैं; किन्तु मोहन जी ने दूसरों के हित के लिए याचना की। वे मंदिर से बाहर आकर अपनी कार में बैठने लगे, तभी फ़क़ीरी लिबास में एक व्यक्ति उनके पास आया और बोला, ''सिर नीचे करो!'' मोहन जी सकपका गए। उनकी समझ में नहीं आया कि एक अनजान शख़्स उन्हें ऐसा करने के लिए क्यों कह रहा है? किन्तु, फिर यह सोच कर कि सिर झुकाने में हर्ज़ ही क्या है, उन्होंने उसके सामने सिर झुका दिया। उस व्यक्ति ने अपने हाथ में पकड़ा मोरपंख का गुच्छा मोहन जी के सिर पर दो–तीन बार फटका, और ''अब जाओ!'' कह कर वह चला गया। मोहन जी कुछ देर खड़े सोचते रहे। आज–कल शिर्डी में भीड़ बहुत बढ़ गई है। तरह–तरह के लोग घूमते रहते हैं। होगा कोई सिरफिरा! यह सोच कर वे गाड़ी मे बैठ गए। काफ़ी दूर जाने के बाद उन्होंने अपने साथ कार में बैठे हुए व्यक्ति से पूछा, ''आपने तो कहा था, 'आज शिर्डी में बाबा मुझे अपना अनुभव देने वाले हैं।' हम शिर्डी से बहुत दूर आ चुके हैं। अभी तक तो ऐसा कुछ हुआ नहीं।'' उस व्यक्ति ने उत्तर दिया, ''साईंनाथ ने साक्षात् सामने आकर मोरपंख से आपको आशीर्वाद दिया। इससे बड़ा अनुभव आपको और क्या चाहिए?'' मोहन जी को झटका–सा लगा। 'तो क्या वह फ़क़ीर साईं बाबा थे? साक्षात् मेरे सामने प्रकट हुए, और मैंने उन्हें नमस्कार तक नहीं किया? उल्टे, सिरफिरा पागल समझ






लिया।' वे सोचने लगे, और मन ही मन पछताने भी लगे।

बाबा ने उन्हें दूसरा अनुभव तब दिया, जब वे अपने काम के सिलसिले में दुबई से मुम्बई आए थे। एयरपोर्ट से होटल तक वे जिस टैक्सी में आए, उसमें उनका एक एयरबैग छूट गया। इसका एहसास उन्हें होटल में आने के कुछ देर बाद हुआ। तब तक टैक्सी मुम्बई शहर की भीड़भाड़ में ग़ायब हो चुकी थी। एयरबैग में रुपये भी थे। वे निराश व चिंतित हो गए। लेकिन, करते भी क्या? किससे क्या शिक़ायत करते? उन्हें न टैक्सी का नंबर मालूम था, न टैक्सी ड्राइवर का नाम। दूसरे दिन जब वे अपने एक परिचित स्वामी जी के पास बैठ कर अध्यात्म पर चर्चा कर रहे थे, तो अचानक खोए हुए एयरबैग की बात भी निकली। स्वामी जी ने पूछा, ''क्या आपके बैग में 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ भी था?'' मोहन जी ने तुरंत कहा, ''वह किताब तो हमेशा मेरे साथ रहती है। जब भी कहीं सफ़र करता हूँ, वह ग्रन्थ बैग में रखता हूँ।'' स्वामी जी बोले, ''तो फिर चिंता किस बात की? साईं बाबा ही आपका बैग आप तक पहुँचा देंगे।'' हुआ भी वैसा ही। मोहन जी स्वामी जी के घर से होटल लौटे, तो एयरबैग उनका इंतज़ार कर रहा था। टैक्सी ड्राइवर ख़ुद वह बैग होटल के एक कर्मचारी को लौटा गया था। मोहन जी ने बैग खोल कर देखा, तो उसमें रुपये भी थे और 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ भी! बस्, एक आश्चर्यजनक अंतर था। मोहन जी को अच्छी तरह याद था कि उन्होंने बैग में, खोने से पहले, ग्रन्थ नीचे और रुपये ऊपर रखे थे। किन्तु, बैग वापस मिलने के बाद, जब खोल कर देखा, तो रुपये नीचे और 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ ऊपर था। नगदी में एक रुपये का भी हेरफेर न था। क्या यह साईंनाथ महाराज की लीला नहीं?

मोहन जी ने देश-विदेश में जहाँ-जहाँ श्री साईं बाबा के मंदिर स्थापित किए हैं, उनमें बाबा के साथ भगवान् दत्तात्रेय और गणेश जी की मूर्तियाँ भी उपासना के लिए प्रतिष्ठित की गई हैं। इस विषय में मैंने मोहन जी से पूछा, ''क्या आप पहले से दत्तात्रेय और गणेश जी के भक्त हैं, जिनसे आपको साईं की प्रेरणा हुई?''


इस पर मोहन जी ने उत्तर दिया, ''मुझे भगवान् दत्तात्रेय के बारे में कुछ भी मालूम न था। श्री साईं की





प्रेरणा से ही मेरी भेंट आन्ध्र प्रदेश स्थित श्री वल्लभपुरम के विट्ठल आनंद सरस्वती महाराज से हुई, जिनके माध्यम से मुझे दत्त परम्परा की जानकारी मिली। तब मुझे अनुभव हुआ कि दत्त परम्पराओं और साईं की शिक्षाओं के बीच कोई अंतर नहीं है। दोनों एक ही हैं। साईं भगवान् दत्तात्रेय के ही अवतार हैं। इन सबके बाद ही मैंने अक्कलकोट महाराज और गाणगापुर के श्री नरसिंह सरस्वती महाराज के बारे में जाना। लेकिन सबसे पहले श्री साईं बाबा ने ही मुझे अपना अनुभव दिया।

मोहन जी की दार्शनिक विचारधारा में आत्मसाक्षात्कार, आत्मस्वीकृति, स्वयं की स्थिति, परिस्थिति और अस्तित्व की पूर्ण स्वीकृति तथा सम्पूर्ण समर्पण की आवश्यकता पर बहुत अधिक ज़ोर दिया गया है। इससे मनुष्य में नकारात्मकता नष्ट होकर सकारात्मकता ऊर्जा उत्पन्न होती है। इस संबंध में उन्होंने कहा, ''श्री साईं बाबा, जैसे थे, वैसे ही दिखाई देते थे। उन्होंने कभी किसी की नक़ल नहीं की। किसी पर अपना अधिपत्य नहीं जताया। भक्तों, दासों और सेवकों से घिरे रहने के बावजूद उनमें स्वामित्व और अहंकार का भाव लेशमात्र न था। उनके आचरण में, भीतर और बाहर कुछ और, कभी नहीं दिखा। मनुष्य को झूठ, छल, कपट, छद्म और आडंबर से बचना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य ईश्वर की एक विशेष रचना है। उसे अपने अस्तित्व को, जैसे भी है, स्वीकार करना चाहिए और सत्याचरण करते हुए कर्म, जितना





उसके बस में है, करना चाहिए। मेरी सभी गतिविधियाँ श्री साईं बाबा की शिक्षाओं और आशीर्वाद से प्रेरित हैं। साईं बाबा हमारे मुख्य आराध्य हैं। हमारे मुख्य प्रतीक हैं। इसीलिए हमारे सभी आश्रमों और संस्थानों में बाबा का मंदिर है, उनकी विधि-विधान पूर्वक उपासना होती है। हम बाबा की लीलाओं के प्रचार-प्रसार से अधिक उनकी शिक्षाओं के अनुपालन पर ज़ोर देते हैं। बाबा के बारे में तो सभी जानते हैं। बेहतर होगा, हम उनके दिखाए रास्ते पर चलें। इसीलिए, हम ज़रूरतमंद लोगों को अन्नदान करते हैं; न केवल रुग्ण, वृद्ध, बच्चे और निर्धन व्यक्तियों को, वरन् पशुओं, पक्षियों और जलचर प्राणियों को भी! अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं। रंग, जाति, धर्म और भौगोलिक भेदभाव के बिना सबके साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार और अक्षरश: अहिंसा का पालन हमारे मिशन का मूल आधार है। इसीलिए, हमारे समुदाय में न केवल शाकाहार, वरन् वीगन भोजन ही पकाया,





खाया जाता है। हम किसी प्राणी से प्राप्त, जैसे दूध या






**SOUTH AFRICA**

दूध से बने पदार्थों का उपयोग नहीं करते। चमड़े से बनी वस्तुओं का भी इस्तेमाल हमारे यहाँ नहीं होता। प्रेम, दया, क्षमा, दान, अन्नदान, अहिंसा, यही तो श्री साईं बाबा और भगवान् दत्तात्रेय की शिक्षा परम्परा का सारतत्त्व है।

मोहन जी ने अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा, ''देश-विदेश में स्थापित हमारे सभी आश्रमों के माध्यम से हमारा प्रयास है कि दुनिया के कोने-कोने में लोग श्री साईं बाबा के संदेश-उपदेशों के बारे में जाने, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने बाबा के अवतार के समय में थे। बल्कि, कहना चाहिए कि हिंसा, घृणा, उपद्रव, आपसी वैमनस्य, वैश्विक तनाव और संघर्ष के इस दौर में बाबा के संदेश और उपदेशों की प्रासंगिकता तथा विश्व को उनकी आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। हम चाहते हैं, लोग जाने की सच्चिदानंदघन स्वरूप महान विशुद्ध चेतना, जो कभी शिर्डी में भौतिक आकार में थी, आज भी विद्यमान है, जीवित है। वह आज भी भक्तों का कल्याण और उन्हें सत्कर्मों की प्रेरणा दे रही है।''

मोहन जी ने कहना ज़ारी रखा, ''बाबा की इच्छा और आशीर्वाद से ही सब होता है। उनकी इच्छा के बिना कुछ भी घटित नहीं होता। मैं भी आज जो हूँ, उनके आशीर्वाद से हूँ। बाबा ने जब मेरा हाथ पकड़ा तो कभी छोड़ा नहीं। कितनी ही बाधाएँ आईं; पर हम रुके नहीं। हारे नहीं। थके नहीं। अपने मिशन में लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बाबा ने कभी किसी से कुछ नहीं माँगा, बल्कि सदा दिया ही दिया। किसी को धन, किसी को संतान, किसी को स्वास्थ्य, किसी को मानसिक सुख-संतोष, तो किसी को मुक्ति प्रदान की। दक्षिणा स्वरूप वे जो लेते थे, असल में वे भक्तों के कर्म एकत्रित करके उन्हें कर्म-बंधन से मुक्त करते थे। दिन भर में जो दक्षिणा इकट्ठा होती, शाम तक उसे भक्तों में बाँट देते और स्वयं खाली हाथ सोते थे। उन्होंने कभी कोई सम्पत्ति





**AUSTRALIA**







SCOTLAND

एकत्रित नहीं की। मैं बाबा के इसी विचार का प्रचार–प्रसार कर रहा हूँ। विश्व भर में हमारे आश्रमों के सभी सदस्य, स्वयंसेवक और कार्यकर्ता बाबा के इस संदेश–उपदेश को अपना मूलमन्त्र मान कर आचरण करते हैं। हमने दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सर्बिया, स्लोवेनिया, स्कॉटलैंड, कनाडा, अमेरिका, मोंटेनेग्रो, ब्राज़ील आदि अनेक देशों में साई मंदिरों की स्थापना की है। उनमें साईं मूर्तियों की विधि–विधान से प्राण–प्रतिष्ठा की है। हमारा प्रयास है कि बाबा के संदेश–उपदेश, उन देशों की विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करके, स्थानीय लोगों को उपलब्ध कराएं, ताकि वे बाबा की शिक्षाओं को समझें और उन पर अमल करें। संक्राति के दौर से गुज़रती आज







CANADA







**SLOVENIA**





**U.S.A.**

की दुनिया को एक बेहतर मानव समाज की सर्जना के लिए यह बेहद ज़रूरी है। मेरा मक़सद है, मैं दुनिया के लोगों को बाबा की मौजूदगी का एहसास कराऊँ। बस्! बाक़ी काम तो बाबा स्वयं करेंगे। बाबा की महिमा से बाबा की कीर्ति पताका स्वयं फहरेगी।''

प्रिय पाठकगण! मोहन जी का 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ से साक्षात्कार सन २००४ में हुआ। मुझे भी यह पावन ग्रन्थ २००४ में प्राप्त हुआ। क्या यह संयोग है? इस पर, मोहन जी ने कहा, ''यह संयोग नहीं, साईं की योजना है। उनकी इच्छा के बिना कुछ नहीं होता। बाबा ही पूर्व जन्म के संबंध या ऋणानुबंध के कारण किसी को अपने पास बुलाते हैं, हमें (साईं भक्तों को) एक दूसरे से मिलाते हैं। अपनी मर्ज़ी से कोई शिर्डी नहीं जा सकता। बाबा की इच्छा हो, तभी यह सम्भव होता है।''

अंत में मोहन जी ने कहा, ''बाबा से कुछ माँगना, मेरी समझ में, मूर्खता है। बाबा सर्वव्यापी हैं, अंतर्यामी हैं। वे जानते हैं, किसको क्या चाहिए, किसकी क्या समस्या है, क्या ज़रूरत है। फिर, माँगने का क्या मतलब? पूर्ण श्रद्धा से उनकी उपासना करो! सबूरी (धैर्य) धारण करो! जाति, धर्म, रंग, सब तरह के भेदभाव भुला कर सबसे प्रेम करो! मनुष्यों से, पशु–पक्षियों से, जलचर प्राणियों से भी, सब पर दया करो! अर्जुन ने भगवान् श्री कृष्ण से कहा था, 'जब साक्षात् श्री हरि मेरे साथ हैं, तो मुझे चिंता किस बात की?' पूर्ण समर्पण के साथ अनन्य भाव से बाबा की भक्ति करो! तुम बाबा को सदा अपने साथ खड़े पाओगे!''

**''ओम साईं राम''** कह कर मोहन जी ने अपनी बात समाप्त की।

**जय साईंनाथ!**

**– दास कुम्भेश**
बी–२०३, जूही, सेक्टर २, वसंत नगरी,
वसई (पूर्व) – ४०१ २०८, पालघर, महाराष्ट्र.
ई–मेल : **kumbhesh9@gmail.com**
संचार ध्वनि : (०)९८९०२८७८२२

Shri Sai Baba's upcoming temples in Mohanji Centres of Benevolence, planned in 2025, are in :-

* Brazil... * Croatia... * Bosnia... * Montenegro... * India (Ganeshpuri, Maharashtra State)

**Mohanji Foundation**

Email : Info@mohanji.org Website : www.mohanji.org

❍❍❍

**साईं कहते हैं, ''जब तक किसी से कोई पूर्व नाता या संबंध न हो, तब तक कोई किसी के समीप नहीं जाता। यदि कोई मनुष्य या प्राणी तुम्हारे समीप आए, तो उसे घृणा से न ठुकराओ। उसका स्वागत कर आदर पूर्वक बर्ताव करो! यदि तृषित को जल, क्षुधा–पीड़ित को भोजन, नंगे को वस्त्र और आगंतुक को अपना दालान विश्राम करने को दोगे, तो भगवान् श्री हरि तुमसे निस्संदेह प्रसन्न होंगे। यदि कोई तुमसे द्रव्य–याचना करे और तुम्हारी इच्छा देने की न हो, तो न दो, परन्तु उसके साथ अभद्र व्यवहार न करो। तुम्हारी कोई कितनी ही निंदा क्यों न करे, फिर भी कटु उत्तर देकर तुम उस पर क्रोध न करो। यदि इस प्रकार ऐसे प्रसंगों से बचते रहे, तो निश्चित ही है कि तुम सुखी रहोगे। संसार चाहे उलट–पलट हो जाए, परन्तु तुम्हें स्थिर रहना चाहिए। सदा अपने स्थान पर दृढ़ रह कर गतिमान दृश्य को शांति पूर्वक देखो! एक को दूसरे से अलग रखने वाले भेद (द्वैत) की दीवार नष्ट कर दो, जिससे अपना मिलन–पथ सुगम हो जाए। द्वैत भाव (अर्थात् 'मैं' और 'तू') ही भेद वृत्ति है, जो शिष्य को अपने गुरु से पृथक कर देती है। इसलिए जब तक इसका नाश न हो जाए, तब तक अभिन्नता प्राप्त करना सम्भव नहीं है। 'अल्लाह मालिक', अर्थात् ईश्वर ही सर्वशक्तिमान् है और उसके सिवा अन्य कोई संरक्षणकर्ता नहीं है। उनकी कार्यप्रणाली अलौकिक, अनमोल और कल्पना से परे है। उनकी इच्छा से ही सब कार्य होते हैं। वे ही मार्ग–प्रदर्शन कर सभी इच्छाएँ पूर्ण करते हैं। ऋणानुबंध के कारण ही हमारा समागम होता है, इसलिए हमें परस्पर प्रेम कर, एक दूसरे की सेवा कर सदैव संतुष्ट रहना चाहिए। जिसने अपने जीवन का ध्येय (ईश्वर दर्शन) पा लिया है, वही धन्य और सुखी है; दूसरे तो केवल कहने को ही जब तक प्राण हैं, तब तक जीवित हैं।''**

# ऐसी लागी लगन...

**''सच्चिदानंद सद्गुरू साईंनाथ महाराज की जय!''** आज साईं नाम से शिर्डी गूँज रही है। शिर्डी गाँव, वहाँ के ग्रामवासियों और उनके सगे-संबंधियों के अलावा, किसी को पता ही नहीं था। यहाँ तक कि नासिक में रहने वाले लोगों को भी इस गाँव के बारे में पता नहीं था। श्री साईं सत् चरित के अध्याय ३० में नासिक ज़िले के वणी में सप्तश्रृंगी देवी के प्राचीन मंदिर का उल्लेख है। यहाँ के पुजारी को सपने में देवी ने शिर्डी जाकर बाबा के दर्शन करने को कहा, तो शिर्डी कहाँ है? वहाँ कैसे जाना है? ये सवाल पुजारी के मन में मचलने लगे।

**कोठें शिरडी कैसें जावें।**
**बाबा हे न आपणा ठावे।**
**आतां हें जाणें कैसें घडावें।**
**नकळे व्हावें कैसें कीं ।।४४।।**

तब बाबा ने ही उनकी शिर्डी आने की व्यवस्था की। श्री साईं सत् चरित का पाठ करने वाले साईं भक्त यह निश्चित रूप से जानते हैं। यह शिर्डी एक छोटा-सा गाँव था। लेकिन साईं की उपस्थिति से धन्य हुआ यह गाँव! अब यह दुनियाभर में मशहूर है। हमारे साईं बाबा की महिमा अपरम्पार है। ऐसे अनेक मंदिर हैं जो शुरुआत में छोटे थे; लेकिन बाबा की मूर्ति स्थापित होने के बाद वे विशाल और प्रसिद्ध हो गए। ऐसा ही एक मंदिर है मुम्बई के बान्द्रा एमआईजी क्लब के पास। हाल ही में इस मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। जब वहाँ दर्शन हेतु जाना हुआ तो इस मंदिर के संस्थापक श्री विनोद कुमठा से बात करने का मौक़ा मिला। उन्होंने इस मंदिर की स्थापना के पीछे की कहानी बताई।

श्री कुमठा का बचपन ग्रँट रोड़ में बीता। उनकी शिक्षा रॉबर्ट मनी स्कूल में हुई। इस स्कूल से साईं मंदिर पाँच मिनट की दूरी पर है। वे और उनके दोस्त प्रसाद की लालसा में अक्सर इस मंदिर में जाया करते थे। प्रसाद की लालसा में जाने वाले कुमठा जी को साईं ने कब अपनी छत्रछाया में ले लिया, इसका उन्हें पता भी नहीं लगा। अब बाबा का दर्शन लेना उनकी दिनचर्या का भाग बन गया। पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्हें नौकरी लग गई; पर मंदिर में जाना उन्होंने बंद नहीं किया। अब वे प्रसाद के लिए नहीं, बल्कि साईं के कृपाप्रसाद के लिए जाने लगे। समय उन्हें बान्द्रा के एमआयजी कॉलोनी में ले आया। लेकिन, यहाँ बाबा का कोई मंदिर ही नहीं था, जब कि कुमठा बाबा के मंदिर में जाने के आदी हो गये थे। इससे उनका मन अशांत रहने लगा।

एमआयजी क्लब मैदान के सामने एक बरगद का पेड़ है। कुमठा जी ने स्वप्न में बाबा को इस पेड़ के नीचे बैठे देखा। ऐसा स्वप्न उन्हें दो-तीन बार आया। आख़िरकार उन्होंने १५ अक्टूबर १९७८ को, उस दिन दशहरा था, बाबा की एक तस्वीर पेड़ के नीचे स्थापित कर दी, और वहीं बाबा की पूजा करने लगे। उन्हें वहाँ हमउम्र दोस्तों का साथ मिला। इसमें श्री प्रकाश पारसेकर, श्री विश्वम्भर बोरकर, श्री जयंत पाखरे का उल्लेखनीय योगदान है।

वे सभी बरगद के पेड़ के नीचे साईं की प्रतिमा की पूजा करने लगे। धीरे-धीरे इस स्थान में बदलाव आने लगे, एक वर्ष के भीतर इस वृक्ष के नीचे छोटा साईं मंदिर बनाया गया और साईं की एक छोटी मूर्ति स्थापित की गई। साईं भक्तों को उनकी अभिलाषा का साईं मंदिर मिला। वहाँ नियमित रूप से पूजा-आरती का उत्सव शुरू हो गया। १८ साल पहले इस छोटी मूर्ति की जगह एक बड़ी मूर्ति ने ले ली और धीरे-धीरे इस छोटी मूर्ति से शुरू हुआ यह मंदिर एक बड़े भव्य मंदिर में परिवर्तित हो गया। न केवल मंदिर भव्य हो गया, बल्कि भक्तों की संख्या भी काफ़ी बढ़ गई। आम लोगों से लेकर कई प्रतिष्ठित राजनीतिक नेता तक इस मंदिर में दर्शन के लिए आने लगे। सिर्फ़ बान्द्रा से ही नहीं, बल्कि दूर-दूर से भी साईं भक्त वहाँ आते हैं। ऐसी है साईं की अपार महिमा...

जब मैं कुमठा जी से बात कर रही थी तो वहाँ बाबा के दर्शन के लिए हमेशा आने वाले कई भक्त मौजूद थे। उनसे साई बाबा की कृपा के बारे में बात करने का मौक़ा मिला। उनकी बातों से बाबा के अनेक सुखद चमत्कार सुनने को मिले। सभी के अनुभवों को सुन कर बाबा के प्रेम और स्नेह की महत्ता का अनुभव हुआ। वाकई हमारे


एमआयजी कॉलोनी, बान्द्रा पूर्व, मुम्बई

बाबा महान हैं। उनकी कृपा का वर्णन शब्दों में करना असम्भव है।

यहाँ प्रस्तुत हैं उनकी कृपा के कुछ अनुभव....

बाबा की छवि स्थापित होने के समय से लेकर आज तक उनकी सेवा कर रही प्रसन्ना कुन्नाथ को बाबा के कई अद्‌भुत अनुभव हुए हैं। वे इस मंदिर के बगल वाली बिल्डिंग में रहती हैं। बाबा के अनुभव बताते हुए वे अभिभूत और बहुत भावुक हो गई थीं। वे कहती हैं, बाबा की भक्ति के पीछे भी बाबा की लीला ही है। हम सभी जानते हैं कि श्री मनोज कुमार की फिल्म 'शिर्डी के साईं बाबा' १९७७ में रिलीज़ हुई थी, तब पूरा भारत साईं भक्ति में नहाया हुआ था। इस फिल्म से हर तरफ़ साईं का नाम छा गया और फिल्म की चर्चा होने लगी। प्रसन्ना को भी यह फिल्म देखने की इच्छा हुई। फिल्म का प्रदर्शन बान्द्रा के कला मंदिर सिनेमा हॉल में शुरू हुआ, तो वे बहुत ख़ुश हो गईं, और उत्साहित होकर उस फिल्म का टिकट ख़रीदने थिएटर चली गईं; लेकिन वहाँ पहले से ही हाउसफुल का बोर्ड लगा हुआ था। वे परेशान हो गईं, पर निराश नहीं हुईं। यही सोचती रहीं, फिल्म ज़रूर देखनी



चाहिए; लेकिन ब्लैक मार्केट में भी उन्हें टिकट नहीं मिल रहा था। अब उनका धैर्य जवाब देने लगा। सिनेमा हॉल के बाहर बाबा का बड़ा-सा पोस्टर लगा था। वे नम आँखों से उसके सामने खड़ी हो गईं और दुःखी मन से फ़रियाद कर डाली, ''बाबा, लोग कहते हैं कि आप चमत्कार दिखाते हैं, तो मैं भी यह फिल्म देखना चाहती हूँ, कुछ करो!'' बाबा का चमत्कार तो होना ही था। वहाँ अपने स्कूल के एक लड़के से उनकी भेंट हो गई, उसने ख़ुद कहा, ''मैडम, आप यह टिकट ले लो, मेरे पास इस फिल्म के दो टिकट हैं। मेरी दोनों बहनें मूवी देखने आ रही थीं; लेकिन वे अब नहीं आएंगी।'' बाबा की यह अद्भुत कृपा थी। प्रसन्ना का चेहरा अब फूल-सा खिला हुआ था। ''मुझे दिल से टिकटें दीं, और बिना ब्लैक के!'' आगे कहने लगीं... ''बस्... तब से लेकर आज तक मैं बाबा की ही हो गई। मेरी ज़िंदगी में सिर्फ़ बाबा, बाबा और बाबा ही हैं। बाबा ने मुझे अपना बना लिया है। यूँ लगता है, जैसे साईं मेरी साँसों के साथ चल रहे हैं। फिर यहाँ बाबा का यह मंदिर बनाया गया। तब से मैं यहीं बाबा की सेवा कर रही हूँ। मेरा जीवन सार्थक हो गया।

यहाँ भी बाबा ने मुझे कई अनुभव दिए। मैं पिछले २५ साल से अपने जन्मदिन पर शिर्डी जा रही हूँ। एक भी साल ऐसा नहीं गया कि मैं जन्मदिन पर शिर्डी नहीं गई। कोरोना काल में भी जब मंदिर बंद था, तो मेरे जन्मदिन से ठीक पहले इसे खोलने का आदेश आया, ताकि मैं बाबा के दर्शन कर सकूँ। मैं इस मंदिर में नियमित रूप से बाबा की सेवा करती रही हूँ। मंदिर का वार्षिकोत्सव ४ नवम्बर को है। पहले मैं सुबह जल्दी उठ कर बाबा को स्नान कराती थी। अब पुजारी इसे पोशाक पहनाता है।

३ साल पहले ४ नवम्बर को जब मैं शॉपिंग करके घर आई तो मैंने हमेशा की तरह अपना बटुआ अलमारी में रख दिया। मेरा मोबाइल उसी में छूट गया। मैंने अपने मोबाइल में सुबह ३.३० बजे का अलार्म लगा रखा था; क्योंकि बाबा को सुबह जल्दी नहाना था। मैं सोने चली गई और सुबह मुझे महसूस हुआ कि कोई 'प्रसन्ना... प्रसन्ना...' कह कर पुकार रहा है। जब मेरी नींद खुली तो ४ बज चुके थे। बाप रे! मोबाइल कोठरी में था, इसलिए अलार्म न सुनाई देने के कारण मैं नहीं उठी; लेकिन बाबा ने मुझे समय पर जगा दिया।

एक बार की बात है, कुछ समय पहले ऐसे ही एक दिन मैं मंदिर में बाबा की सेवा कर रही थी, तभी एक मुसलमान युवक मंदिर के दरवाज़े पर खड़ा दिखाई दिया। बोला, 'दीदी...' मैंने पूछा, 'क्या है बेटा?' तब वह बोला, 'मैं बहुत दूर से आया हूँ। भूख लगी है।'

मैंने बाबा की आरती के प्रसाद के लिए पेड़े रखे थे। वैसे तो आरती के बाद ही प्रसाद सभी को दिया जाता है, लेकिन उस वक़्त मैं मंदिर में अकेली थी, तो मैंने उसे कुछ पेड़े दिए, विभूति लगाई और मैं पलटी। फिर से उस लड़के से कुछ बात करने के लिए मैं मुड़ी, तो वह वहाँ नहीं था। मैंने चारों ओर देखा, दूर-दूर तक कोई नज़र नहीं आया। फिर मैं अपने काम में व्यस्त हो गई। मैंने वहाँ का कचरा निकाला और पायदान ग्रील पर पटका, तो उसमें से मिट्टी ज़मीन पर गिरी... और उसमें दो पैरों के निशान नज़र आए। मुझे याद आया, वह लड़का यहीं खड़ा था। मैं यही मानती हूँ, बाबा स्वयं आए और मुझे धन्य कर गए।''

प्रसन्ना से बात करते समय साईं भक्त श्रीमती वर्षा सरदेसाई भी वहाँ मौजूद थीं। बचपन से ही उन्हें साईं बाबा के प्रति आस्था थी। उनकी माता श्रीमती सुनीता कामत, जो अब जीवित नहीं हैं, वे भी साईं भक्त थीं। उनकी वजह से श्रीमती वर्षा साईं बाबा की भक्त बनीं। अपनी माता और पिता के मुख से साईं बाबा के अनुभव सुन कर उनका साईं भक्ति से जुड़ाव हो गया। कॉलेज में पढ़ते समय उन्होंने श्री साईं सत् चरित का दो-तीन बार पाठ किया। शादी के बाद भी उन्होंने अपने माता-पिता से मिली साईं भक्ति की विरासत को जारी रखा... और उन्हें अपने जीवन में बाबा के कई अनुभव हुए। लेकिन कोविड के दौरान का उनका अनुभव असाधारण था। उसे याद करते ही उनकी आँखों से भक्ति के आँसू बहने लगते हैं... श्रीमती वर्षा बता रही थीं... ''मेरे दोनों बच्चे अमेरिका में हैं। मेरे पोते का ५वाँ जन्मदिन २०२० में था। जैसा कि मेरे पति और मैंने अमेरिका जाने की योजना बनाई थी, मैं फ़रवरी में अमेरिका जाऊँगी और एक महीने बाद मेरे पति आएंगे। मैं हर बार वहाँ एक महीने पहले जाती हूँ और मेरे पति उसके एक महीने बाद वहाँ आते हैं। इसी तरह हमने २०२० में भी ऐसा ही किया। मैं अमेरिका गई। मेरे पति एक महीने के बाद वहाँ आने वाले थे। लेकिन, कोरोना शुरू हो गया और लॉकडाउन लग गया। मैंने उनसे कहा




कि आप मत आइए। उनका जवाब था – मैं कोशिश करूँगा और यहाँ वापस आऊँगा। लेकिन, कोरोना का कहर इतना बढ़ गया कि सभी हवाई परिवहन बंद कर दिए गए। अमेरिका में सख़्त पाबंदियाँ शुरू हो गईं। कोई भी विमान वहाँ से जा नहीं रहा था और न ही आ रहा था। दो महीने बीत गए। मेरे पति को मधुमेह है। हमारे यहाँ भी सख़्त पाबंदियाँ थीं। बाहर से किसी को भी बिल्डिंग में आने की इजाज़त नहीं थी, इसलिए घर पर काम करने वाली बाई भी अंदर नहीं जा सकती थी। इस वजह से हमारे पड़ोसी मेरे पति को खाना देते थे। लेकिन ऐसा कब तक चलता? मेरा ध्यान उधर, अमेरिका में नहीं था। मैं किसी भी तरह अपने घर भारत लौटना चाहती थी। दो महीने के बाद हवाई यातायात आंशिक रूप से फिर से शुरू हुआ। भारत ने वंदे भारत एयरलाइन को अमेरिका–इंडिया के रूप में लॉन्च किया। शुरुआत में जो बूढ़े लोग, बीमार लोग अमेरिका में फँसे हुए थे, उनके लिए यह सेवा शुरू की। मैं चिंतित थी कि मुझे कोई टिकट नहीं मिल रहा था। मैं अमेरिका के विस्कॉन्सिन में रहती थी। चूँकि वहाँ से टिकट नहीं मिल रहे थे, इसलिए मैं और मेरा दामाद यह देखने गए कि शिकागो से टिकट मिलेगा या नहीं, लेकिन हमें वहाँ भी टिकट नहीं मिला; क्योंकि वहाँ उन्हीं को टिकट दिया गया जिन्हें टोकन मिला था। वहाँ से हम निराश होकर वापस लौट आए। फिर कोरोना की दूसरी और तीसरी लहर आई और मुझे अगले दो महीने तक वहीं रहना पड़ा। मुझे



स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ थीं। मेरे पति ने बताया कि यह १६ से १८ घंटे की यात्रा (यानी विस्कॉन्सिन से शिकागो और शिकागो से न्यूयॉर्क तक वंदे भारत की उड़ान) है। इसलिए मुझे एक रात के लिए एक होटल में रुकना होगा और फिर अगले दिन वंदे भारत हवाई जहाज़ से न्यूयॉर्क जाना होगा। वहाँ से इकोनॉमी क्लास की बजाय बिज़नेस क्लास से आना सुलभ होगा। लेकिन, उसके लिए ऑनलाइन टिकट बुक करते समय जब साइट खुलती थी तो तुरंत टिकट फुल होने का मैसेज आ जाता था। दिन बीत रहे थे। एक दिन मेरी लड़की ने मुझे बताया कि माँ, इकोनॉमी क्लास का टिकट मिल रहा है। टिकट बुक करें क्या? मैं बिज़नेस क्लास में जाना चाहती थी। तो मैंने उसे 'नहीं' कह दिया। तब उसने व्यंग्यात्मक भाषा में कहा कि अब तुम्हें रथ मिलेगा तब तुम जाओगे क्या? उसकी बात सुन कर मैंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मैं तब अपने पोते को खाना खिला रही थी। दस-पन्द्रह मिनट बाद मेरा दामाद तेजी से आया और मुझसे बोला, 'माँ, बिज़नेस क्लास का टिकट उपलब्ध है; बुक करना चाहते हैं?' मैं तुरंत सहमत हो गई और भारत के लिए मेरा टिकट पक्का हो गया। वहाँ हमने मेरे जैसे लोगों का एक समूह बनाया था, जो भारत से अमेरिका आए थे और कोरोना के कारण वहाँ फँस गए थे, उसमें मैंने मैसेज डाला कि मुझे टिकट मिला। फिर उसमें मेरा टिकट भी लगा दिया। तभी डॉ. गणेश पई, जो मणिपाल में स्थित हैं, उन्होंने मुझे मैसेज किया कि मुझे पता है, तुम्हें टिकट मिल गया है। मेरी पत्नी भी उसी फ्लाइट में है और वह उसी क्लास में भारत जा रही है; वह अकेली है, आप उसके साथ जाइए, इससे उन्हें भी एक साथी मिल जाएगी। मैंने उनकी बात मान ली और पूछा कि मैं उन्हें कैसे पहचानूँ? उन्होंने मुझे उनकी पत्नी की फ़ोटो भेजी। मैं एयरपोर्ट पहुँची। फिर मेरी मुलाक़ात डॉ. गणेश पई की पत्नी कोमल पई, साईं भक्त से हुई। उनकी माँ भी साईं भक्त थीं और साईं भजन गाया करती थीं। बाबा के अवतार के समय बाबा ने लक्ष्मीबाई को जो सिक्के दिए थे उन्हें स्पर्श करने का सौभाग्य जिन भक्तों को प्राप्त हुआ उनमें से एक कोमल पई भी हैं। जब से हम मिले, हम लगातार बाबा के बारे में बात करते रहे।

मेरा तात्पर्य वस्तुतः बाबा से है। मैंने उनसे कहा कि मुझे स्वास्थ्य संबंधी समस्या है। अगर मैं बहुत देर तक



बैठी रहूँ तब मेरे मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति नहीं होती, तब मैं बेहोश हो जाती हूँ; तो आप स्टाफ की मदद से मुझे सीधा लाइन में लेटा दीजिए, ताकि ख़ून दिमाग तक पहुँचे और मैं ठीक हो जाऊँ। इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे पता है, तुम्हें बेहोशी है। लेकिन, डरो मत, मैं तुम्हारे साथ हूँ और तुम्हें निर्भीक रहना चाहिए।' और वाकई हमारा १४ से १५ घंटे का सफ़र निर्विघ्न सम्पन्न हो गया। बाबा मुझे बिना कष्ट के अमेरिका से ले आए। मुम्बई आने के बाद हमें सात दिनों तक क्वारैंटाइन में रखा गया था। हालाँकि श्रीमती कोमल एक होटल और मैं दूसरे होटल में, फिर भी हम एक दूसरे से बातें कर रहे थे। हमारी वीडियो कॉल चालू थी। उन्होंने मेरे लिए बाबा के विभिन्न भजन गाए। मेरे ये सात दिन भी साईं के सान्निध्य में ही बीते। वह महिला जो पहले कभी नहीं मिली, जिस महिला से मैं पहली बार मिली, उसने मुझे सफ़र में अकेलापन महसूस नहीं होने दिया। ऐसा लग रहा था, मानो पुरानी जान-पहचान हो! हमारे साईं बाबा का यह अगाध आशीर्वाद है।''

मंदिर के ट्रस्टी श्री प्रकाश पारसेकर ने भी यहाँ अपना अनुभव साझा किया। बचपन से ही उन्हें साईं बाबा से लगाव रहा है। उनके माता-पिता भी साईं भक्त हैं। उन्होंने यहाँ इस मंदिर को लेकर अपना अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह हमारा मंदिर वर्तमान में भव्य है; लेकिन पहले यह बहुत छोटा था। १९९२-९३ में हमने सोचा कि अब इसका विस्तार करना चाहिए। मुझे याद है कि वह रविवार का दिन था और मैं खेल कर यहाँ आया था। बरसात का मौसम बस आने ही वाला था। उस समय किन्हीं कारणों से सीमेंट की भयंकर कमी हो गई थी। उसी समय हमने मंदिर के विस्तार का निर्णय लिया था। छत का काम भी ठीक से नहीं हुआ था। अगर काम सही समय पर नहीं हुआ तो मंदिर को नुक़सान पहुँचेगा। इस बात से वाक़िफ़ हम सभी भागदौड़ करने लगे। हम सीमेंट लेने के लिए जगह-जगह जा रहे थे। हम मदद के लिए कई लोगों से मिल रहे थे। उस समय एम.आई.जी. में पाटिल नाम के एक सज्जन रहते थे। उन्होंने मुझसे कहा कि बाबा के लिए तुम लोगों से भीख क्यों माँग रहे हो? फिर मैंने कहा कि नहीं अंकल, बारिश किसी भी समय आ सकती है, काम अधूरा है, सीमेंट कहीं नहीं मिल रहा है। फिर उन्होंने कहा कि ऐसा मत कहो, बताओ, तुम्हें कितनी बोरी सीमेंट चाहिए। मैं ठीक-ठीक नहीं कह सका। फिर उन्होंने कहा कि ठीक है, सुबह २६-२७ टन आ जाएगा। आप यक़ीन नहीं करेंगे, जहाँ एक बोरी सीमेंट मिलना मुश्किल था, वहाँ २७ बोरी सीमेंट प्राप्त हुआ, और बारिश से ठीक पहले मंदिर का काम पूरा हो गया।

मेरे बेटे को, जब वह छोटा था तो उसे एक विशेष प्रकार का बुख़ार था, उसे हाइपरपाइरेक्सिया था। जब यह शरीर में प्रबल रूप से मौजूद हो तो उसी समय ख़ून की जाँच करानी चाहिए, तभी इसकी जानकारी समझ में आती है। पता करना था कि उस ख़ून में वायरस है या नहीं। मेरे बेटे को मैं मंदिर से डॉ. भरत अग्रवाल के पास ले जा रहा था, तब श्री जयंत पाखरे ने कहा, ''चिंता मत करो; बाबा हैं, कुछ नहीं होगा। यह उदी लो!'' हम सभी उसे रक्त परीक्षण के लिए ले गए, जब हम वहाँ पहुँचे, तो मैंने लड़के को उदी दी, और जल्द ही उसे तेज बुख़ार हो गया, जिससे रक्त परीक्षण करना आसान हो गया। परिणामस्वरूप, उसके रक्त में हाइपरपाइरेक्सिया वायरस पाया गया। फिर हमने डॉ. भरत अग्रवाल को फ़ोन किया जो उस समय दिल्ली में थे और उनको अहवाल के बारे में बताया, तो उन्होंने हमें फ़ोन पर दवा बताई और कहा कि चिंता मत करो, मैं रात को आऊँगा। इस दवा से उसे आराम मिलेगा। रात को डॉक्टर आए। उन्होंने उसकी जाँच की। काफ़ी समय तक हमारे साथ रहे। सुबह फिर आए। बच्चे की जाँच की और कहा कि अब यह पूरी तरह ठीक हो गया है; चिंता का कोई कारण नहीं है। बाबा ने ही लड़के को उस भयानक बुख़ार से बाहर निकाला।

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों में काम करने वाली वकील मृणालिनी देशमुख भी इस मंदिर में आती हैं। वे भी बचपन से ही साईं बाबा के प्रति आकर्षित थीं। उन्होंने कहा कि उनके पिता प्रोफेसर थे और मुम्बई यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर थे। वे कोलाबा में स्टाफ़ आवास में रहते थे। एक साईं भक्त प्रोफ़ेसर के घर पर गुरुवार को नियमित रूप से आरती और साईं भजन होते थे। मृणालिनी के पिता प्रत्येक गुरुवार को वहाँ जाते थे। वे भी अपने पिता के साथ वहाँ जाने लगीं। उस समय वे कॉलेज में पढ़ रही थीं। गुरुवार को साईं भजन कार्यक्रम में मृणालिनी से भजन गाने का आग्रह किया गया। वे साईं



भजन गाने लगीं। वे कहती हैं कि तब तक मैं साईं बाबा के बारे में ज़्यादा नहीं जानती थी। लेकिन वहाँ भजन गाते–गाते, मानो बाबा ने मुझे अपने पास खींच लिया। अब तक बाबा ने मुझे अपने चरणों में रखा है। हमारा गाँव येवले। शिर्डी वहाँ से सिर्फ़ २० मिनट की दूरी पर है। इसलिए जब मेरे पिता गाँव जाते थे तो बाबा के दर्शन करने शिर्डी जाते थे। मैं जब भी उनके साथ होती थी तो मैं भी उनके साथ जाती थी। उस समय, मैंने अपने पिता को समाधि मंदिर के शीर्ष पर चढ़ते और बाबा की मूर्ति पर माला चढ़ाते देखा है। वह दृश्य सचमुच मेरे मन में बस गया। बाद में मेरी शादी हो गई। कुछ समय के लिए हम बान्द्रा में साहित्य सहवास में रहने आए। एक बार जब मैं वहाँ से गुज़र रही थी तो मैंने इस साईं मंदिर को देखा और इससे मुझे जो ख़ुशी मिली, उसका वर्णन करना असम्भव है। यहाँ बाबा के दर्शन करने के बाद मन को एक अद्भुत शांति मिलती है। यह अद्भुत अनुभव मुझे यहाँ बार–बार आता है।

साईं के और भी कई अनुभव जीवन में आए हैं। आठ साल पहले मुझे एक अद्भुत अनुभव हुआ। उस समय मैंने अपने येवले गाँव में अपने पिता के नाम पर स्थानीय बच्चों के लिए एक स्कूल खोला था। हम वहाँ गए; क्योंकि इसका उद्घाटन मेरे द्वारा किया जाने वाला था। हम एक रात पहले ही वहाँ पहुँच गए। हमारे पास बाबा की काकड़ आरती में जाने के लिए पर्याप्त समय था; क्योंकि मंदिर गाँव से कार द्वारा केवल २० मिनट की दूरी पर था। एक घंटे के अंदर हम गाँव लौट सकते थे। हम ४ बजे निकले। हमनें सोचा कि हम आराम से ४.३० बजे तक वहाँ पहुँच जायेंगे। हम निकल पड़े। १५ मिनट के अंदर वहाँ ट्रैफ़िक जाम हो गया, हमारी कार वहाँ फँस गई। हमें पता चला कि यह ट्रैफ़िक पिछले एक घंटे से जाम है। हम निराश हो गए। अरे, यहाँ तक आ गए, इतनी योजना बनाने के बाद भी हमें काकड़ आरती नहीं मिलेगी। मैं कार की खिड़की से देख रही थी, सड़क हर जगह कारों और ट्रकों से भरी हुई थी। इतने में ही, पता नहीं, कहाँ से एक रिक्शा हमारी कार के पास आकर खड़ा हो गया। रिक्शे वाले ने मुझसे सीधे पूछा कि कहाँ जाना है? बाबा के दर्शन करने? मैंने कहा, हाँ। फिर उसने कहा, बैठो! मैं बैठ गई और सच बताऊँ, शायद आपको लगेगा कि यह झूठ है। रिक्शा वाले ने रिक्शा टेढ़ी–मेढ़ी घुमा कर रिक्शा को बाहर निकाला और हमें समाधि मंदिर पहुँचा दिया। मैंने



रिक्शा से उतर कर उसे प्रणाम किया और कहा, धन्यवाद भाई! मैंने सोचा भी नहीं था कि आज मुझे काकड़ आरती मिलेगी। लेकिन तेरी वजह से मैं काकड़ आरती में शामिल होने के लिए समय पर पहुँच गई। वह मुस्कुराया और हाथ हिलाया। मैंने झुक कर उससे बात की, और जब खड़ी हुई, तो देखा कि कोई रिक्शा नहीं है! हम सीधे मंदिर में गए और काकड़ आरती शुरू हो गई।... यह बाबा की कृपा व स्नेह नहीं तो और क्या था! इस अनुभव के बारे में सोचते ही मेरी आँखों में पानी आ जाता है।

दस साल पहले मेरे मन में ख्याल आया कि इस मंदिर के सामने एम.आई.जी. क्लब है। वहाँ ३१ दिसम्बर की आधी रात को शराब, नाच-गाने के साथ नए साल का स्वागत किया जाता है। निःसंदेह यह उनका जुनून है। हमारा हित हमारे साईं बाबा में है, तो हम नए साल के स्वागत के लिए अपना मंदिर खुला क्यों नहीं रख सकते? हम नए साल की शुरुआत बाबा के दर्शन के साथ कर सकते हैं। मैंने मंदिर प्रबंधकों से अपने विचार व्यक्त किए। उन्हें यह सुझाव अच्छा लगा और वे बोले, हम न केवल मंदिर खुला रखेंगे, बल्कि रात के बारह बजे आरती भी करेंगे। इस तरह इसकी शुरुआत हुई। पहले साल में प्रबंधन टीम, मैं, मेरी बेटी और उसकी सहेली मौजूद थे। अब ३१ दिसम्बर की रात बाबा की आरती के लिए पूरी सड़क फूलों से भर जाती है। आरती में लगभग १०० से १५० साईं भक्त शामिल होते हैं। कोरोना काल में एक वर्ष को छोड़ कर पिछले दस वर्षों से नए साल का स्वागत बाबा की आरती के साथ किया जाता है। यह बाबा की ही कृपा है!

मूल मराठी में लिखित : **मयूरी महेश कदम**
ई-मेल : **saimayumahesh@gmail.com**
हिंदी अनुवाद : **शंभु सोनी, अर्चना कोली**
ई-मेल : **siyarampress@gmail.com**

## SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI
## Yearly Publications

### Sai Diary 2025

| | | |
|---|---|---|
| * Deluxe English-Marathi | ₹ | 85 |
| * Deluxe English-Hindi | ₹ | 85 |
| * Deluxe English-Telugu | ₹ | 85 |
| * Deluxe English-Tamil | ₹ | 85 |
| * Deluxe English-Kannad | ₹ | 85 |
| * Deluxe English-Gujarati | ₹ | 85 |
| * Pocket Size | ₹ | 20 |

### Sai Baba Calender 2025

| | | |
|---|---|---|
| * 1 Page Calender | ₹ | 20 |
| * Office Wall Calender | ₹ | 25 |
| * Desk Calender | ₹ | 45 |
| * Deluxe Calender | ₹ | 230 |
| * Car Calender | ₹ | 10 |
| * Small Desk Calender | ₹ | 80 |


# ... साईं समाधिस्थ हुए!

मानव देह धारण श्री साईं बाबा की वृद्धावस्था उनके देह-जीवन की स्वाभाविक परिणति थी, जिसे उन्होंने सम्पूर्ण गरिमा के साथ धारण किया था। उनकी देह में वार्धक्य और दिव्यता का सुंदर मेल दिखता था। बढ़ती उम्र के कारण उनका शरीर भले ही शिथिल पड़ गया था, लेकिन मुखमण्डल का तेज और सत्त्व पहले की तरह ही बना हुआ था। भले ही उनकी दाढ़ी-मूछों के बाल पक कर सफ़ेद हो गए थे, लेकिन आँखों में चमक बरकरार थी। उनकी दाढ़ी को देख कर कोई उनके हिंदू, तो कोई मुस्लिम होने का भ्रम पाल लेता था। शारीरिक दुर्बलता के बाद भी बाबा की दिनचर्या का कोई क्रम टूटा नहीं था - चाहे भिक्षाटन के लिए गृहस्थों के घर जाना हो या वायु सेवन के लिए लेंडी बाग। बाबा दूसरों के हाथ का सहारा पकड़े छोटे-छोटे डग भरते हुए अपनी नियत चर्या पूर्ण कर ही लेते थे। मस्जिद में भक्तों और दर्शनार्थियों की निरंतर आवाजाही रहती थी; इस कारण उन्हें विश्राम नहीं मिल पाता था। भक्त जन बाबा की थकान बढ़ाते भी थे और मिटाते भी थे। भक्तों से बोलते-बतियाते बाबा थक भी जाते थे और अपनी थकान भूल भी जाते थे। भक्तों में ही बाबा के प्राण बसते थे, और उनके आने पर बाबा जैसे जीवनी शक्ति पा जाते थे। वृद्धावस्था की परवाह किए बिना बाबा अगाध निष्ठा से अपना कार्य करते रहे और जब देह-दीप बुझने की बेला आई तब उन्होंने अपना चोला ऐसे बदल लिया जैसे भक्तों के बार-बार आग्रह पर वे अपनी फटी-पुरानी कफ़नी बदलते थे।

बाबा के देह-जीवन की तरह उनका देह-त्याग भी विलक्षण था। उन्होंने स्वयं अपने लीला संवरण के दिन का निर्धारण किया और समाधि स्थान के बारे में संकेत किया। बाबा ने अपने जीवन के अंतिम मुहूर्त को कई चरणों में आयोजित-नियोजित किया और कई सूक्ष्म संकेतों और प्रतीकों के माध्यम से उसे अभिव्यक्त किया।

बाबा जो कुछ करना चाहते थे, उसकी चर्चा वे कभी नहीं करते थे, प्रत्युत्त आसपास ऐसा वातावरण और परिस्थिति निर्मित कर देते थे कि लोगों को उसका निश्चित परिणाम देख कर अचरज होता था। बाबा की इस प्रकृति का विलक्षण अनुभव गोपालराव बूटी को हुआ। वे बाबा के अनन्य भक्त थे और उनका सान्निध्य लाभ पाने के लिए अपने परिवार के साथ कई-कई दिनों तक शिर्डी में ही आकर वास्तव्य करते थे। यद्यपि उन दिनों बाहर से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए शिर्डी में एक नहीं, दो-दो वाड़े थे, लेकिन फिर भी बूटी के मन में विचार आया कि यहाँ अपना एक निजी वाड़ा भी होना चाहिए, ताकि उनका परिवार यहाँ सुविधा पूर्वक रह सके। बूटी धनाढ्य तो थे ही, इसलिए अपने विचार को कार्य रूप में परिणत करने में उन्हें कोई कठिनाई नहीं आई।

एक बार की बात है। बूटी दीक्षित वाड़े में ठहरे हुए थे। संयोगवश शामा भी उनके साथ ही थे। रात के समय पहले तो दोनों लेटे-लेटे बाबा के बारे में ही बातें करते रहे, फिर धीरे-धीरे उनकी आँख लग गई। थोड़ी देर में ही दोनों नींद के आगोश में चले गए। नींद में बूटी ने एक स्वप्न देखा - बाबा एक आलोक पुँज से धीरे-धीरे चलते हुए उनके समीप आए और वाड़ा निर्माण के उनके संकल्प को नवआयाम देते हुए बोले, ''तुम अपना वाड़ा बनाओ और एक मंदिर भी बनाओ!'' बाबा की वाणी में न आदेश था और न निवेदन; अगर कुछ था, तो सिर्फ़



हृदय का उद्गार, जिसे सुन कर बूटी की नींद खुल गई। उन्होंने उठ कर चारों ओर देखा – वहाँ न बाबा थे और न उनकी उपस्थिति का कोई सूचक चिन्ह था। बूटी अभी उस 'स्वप्निल संवाद' पर ख़ुद को विश्वास ही दिला रहे थे कि अचानक उन्होंने अपने समीप रोने–फफकने की आवाज़ सुनी। बूटी ने चौंक कर पास में शयन कर रहे शामा को देखा, तो सन्न रह गए। शामा की आँखों से झर–झर आँसू बह रहे थे और ओंठ काँप रहे थे। बूटी को लगा, मानो शामा ने ज़रूर कोई डरावना सपना देखा है, इसलिए भय के मारे रुदन कर रहे हैं। उन्होंने शामा के हाथ को सहलाया और स्नेह–भाव से रोने का कारण पूछा। शामा ने भर्राएं कंठ से बताया, ''अभी–अभी मुझे एक स्वप्न आया। बाबा मेरे बिल्कुल समीप आए और कहने लगे, **'मंदिर के साथ वाड़ा भी बनाओ, मैं सब भक्तों की इच्छाएँ पूर्ण करूँगा।'** '' बाबा के औदार्य और कृपा–भाव से द्रवित शामा की आँखें भी छलछला रही थीं। बूटी ने इस स्वप्न के अर्थ को समझने में किंचित भी विलम्ब नहीं किया। उन्हें आश्चर्य था तो सिर्फ़ इस बात पर कि दोनों के स्वप्न एक जैसे ही हैं। संकल्प को संसिद्धि तक पहुँचाने के लिए इससे सुखद प्रेरणा और क्या हो सकती थी? बूटी ने उस 'स्वप्निल संदेश' को बाबा की आज्ञा के रूप में देखा और वाड़ा निर्माण के कार्य में प्राण–प्रण से जुट गए।

वाड़ा ज़मीन पर निर्मित होने से पहले बूटी के मन–मस्तिष्क में आकार लेने लगा। उन्होंने बहुत सोच–समझ कर मनोयोग पूर्वक एक नक़्शा खींचा और शामा व काकासाहेब दीक्षित के साथ विचार–परामर्श कर उसे अंतिम रूप प्रदान किया। अब ज़रूरत सिर्फ़ बाबा के अनुमोदन की थी। सुयोग यह रहा कि जब वह नक़्शा बाबा को दिखाया गया तो उन्होंने भी उसे स्वीकृत कर दिया। फिर क्या था? बूटी ने वाड़े का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ करवा दिया। यह कार्य पहले शामा तथा बाद में बापूसाहेब जोग की देखरेख में किया गया... और देखते ही देखते कुछ ही दिनों में नीचे की मंज़िल, तहखाना आदि बन कर तैयार हो गए। बाबा अपनी लेंडी फेरी के दौरान आते–जाते हुए बहुत रुचि पूर्वक निर्माण कार्य का अवलोकन करते और ज़रूरत पड़ने पर अपना परामर्श भी प्रदान कर देते। जब वाड़े का निर्माण कार्य चल रहा था तब जोग के मन में यह विचार आया कि वाड़े में कुछ खुला स्थान भी होना चाहिए और यदि वहाँ मुरलीधर का देवालय भी बनवा दिया जाए तो सोने पे सुहागा हो जाएगा। जोग ने अपना विचार शामा के समक्ष प्रकट किया और उन्हीं पर बाबा से स्वीकृति प्राप्त करने का जिम्मा डाला। एक दिन जब बाबा लेंडी बाग की ओर जा रहे थे तब शामा ने उन्हें रोका और बेहिचक पूछा, ''बाबा, बापूसाहेब जोग का विचार है कि वाड़े में मुरलीधर की मूर्ति के लिए कुछ खाली स्थान छोड़ा जाय; लेकिन क्या इसके लिए आपकी अनुमति है?'' प्रश्न सीधा और सटीक था। बाबा ने एक क्षण का भी विलम्ब किए बिना तत्काल प्रत्युत्तर दिया, **''जब मंदिर का कार्य पूर्ण हो जाएगा, तब मैं ख़ुद वहाँ निवास करूँगा। जब वाड़ा बन जाएगा तब हम सब लोग उसका उपयोग करेंगे। वहीं रहेंगे, घूमेंगे–फिरेंगे और एक दूसरे को हृदय से लगाएंगे।''** यह कहते हुए बाबा बहुत आनंदित एवं उत्साहित थे। वे कुछ देर रुक कर वाड़े के निर्माण कार्य को अपलक निहारते रहे। शामा इस पुण्य कार्य के अगले चरण पर बढ़ने के लिए अति उत्सुक थे, इसलिए उन्होंने लगे हाथ बाबा से यह भी पूछ लिया, ''क्या, यह देवालय की नींव रखने की शुभ घड़ी है?'' बाबा ने इस प्रश्न का स्वीकारात्मक उत्तर दिया। बाबा की आज्ञा मिलते ही शामा ने तत्काल एक नारियल फोड़ा और देवालय का निर्माण प्रारम्भ करवा दिया। संतोष की बात यह थी कि नियत समय पर यह कार्य पूर्ण भी हो गया और मुरलीधर की मूर्ति बनाने का आदेश भी दे दिया गया।

लेकिन, इस आदेश को फलित कहाँ होना था? यह तो सिर्फ़ बाबा जानते थे कि काल का रथ किस दिशा में दौड़ रहा है और इस रथ के पहिए कब और कहाँ जाकर थमेंगे। इस बात की ख़बर किसी को नहीं थी कि बूटी, शामा और जोग जिस स्थान पर मुरलीधर की मूर्ति स्थापित करना चाह रहे हैं, वह स्थान तो बाबा ने मन ही मन अपनी समाधि के लिए आरक्षित कर लिया है। बाबा ने किसी को यह आभास तक नहीं होने दिया कि वे लोकयात्रा के अंतिम पड़ाव की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

यों तो बाबा ने वर्ष १९१६ में ही अपने महाप्रयाण के दिन का संकेत कर दिया था; लेकिन उस समय कोई भी यह नहीं समझ पाया था कि बाबा के लीला–संवरण की बेला सचमुच इतनी निकट है। बाबा जिस महत् प्रयोजन के लिए अवतीर्ण हुए थे, वह पूरा होने को था, अब तो

सिर्फ़ उपसंहार शेष था। बाबा यह देख रहे थे कि शिर्डी आने वाले अधिकांश लोग यह जानने के लिए बेचैन रहते हैं कि यह फ़क़ीर हिंदू है या मुसलमान? और यह भी कि इस फ़क़ीर का जन्मकुल और गुरुकुल कौनसा है? बाबा तो धर्म के घेरे से बाहर रह कर अपना जीवन जी रहे थे, लेकिन संसारी लोग उन पर धर्म की पहचान चस्पा करने के लिए अधीर थे - मानो धर्म के घेरे के बाहर खड़ा फ़क़ीर उनके लिए अब भी बेगाना है! यह संकीर्णता बाबा को कचोटती थी। उन्हें मलाल था कि एक सम्पूर्ण जीवन जी कर भी वे लोगों को क्षुद्रताओं से मुक्ति नहीं दिलवा पाए। यह सोच कर बाबा का मन रह-रह कर अवसन्न हो जाता था। एक दिन उनकी सारी वेदना, सारा अमर्ष और सारा आक्रोश लावा बन कर फूट पड़ा।

वह विजयादशमी का दिन था। शाम घिरने लगी थी। शिर्डी में सीमोल्लंघन की रीत-रस्म निभाई जा रही थी और चारों ओर उत्सव का माहौल था। उस दिन ग्रामवासियों ने बहुत धूम-धाम से ढ़ोल-नगाड़े बजाते हुए दशहरे का जुलूस निकाला था और परम्परा के अनुरूप




नाचते-गाते हुए गाँव की सीमा के पार जाकर वापस लौट आए थे। बाबा भी अभी-अभी अपनी सान्ध्य सैर पूरी कर लेंडी बाग से लौटे थे और मस्जिद में भक्त जन बहुत उत्साह से चावड़ी जुलूस की तैयारियाँ कर रहे थे।

लेकिन, आज बाबा का मन शांत नहीं था। वे बहुत अनमने, बीमार और थके-थके से लग रहे थे। मस्जिद में आते ही उन्होंने बिना किसी गोचर कारण के क्रोध दिखाना शुरू कर दिया। उनकी आँखें अंगारों-सी धधक रही थीं और वे चारों ओर ऐसे देख रहे थे, मानो आज सबको भस्म करके ही दम लेंगे! भक्त जनों ने पहले भी बाबा को क्रोध के आवेश में देखा था, लेकिन यह प्रचण्ड क्रोधाग्नि वाला रूप तो सर्वथा नया ही था। बाबा के इस दुर्वासा अवतार से भक्त जन अवाक् थे और भय के मारे प्रस्तरमूर्ति बन गए थे। उनको लग रहा था कि आज कुछ अमंगल और अनिष्ट घटना तय है।

इधर बाबा ने क्रोध के झोंक में अपने सिर का कपड़ा, कफ़नी, लंगोटी आदि परिधान किए हुए सारे वस्त्र उतार कर फाड़ दिए और उनके टुकड़े-टुकड़े कर जलती हुई धूनी में फेंक दिए - बाबा की दी आहुति से धूनी में तड़ातड़ लपटें उठीं और उन लपटों की नारंगी रोशनी में बाबा का चेहरा तमतमाया-सा दिखने लगा। वे बेधज-बेलिबास एवं पूर्णतः दिगम्बर खड़े थे और ज़ोर-ज़ोर से बोले जा रहे थे... ''लोगों, यहाँ आओ, आज ध्यान से देख लो, मैं हिंदू हूँ या मुसलमान!'' बाबा बार-बार यही वाक्य बोल रहे थे। उनकी ललकार सबको भयभीत कर रही थी। कोई भी उनके समीप जाने का साहस नहीं जुटा पा रहा था। कुछ देर बाद भागोजी शिंदे ने हिम्मत दिखाई और वे धीरे-धीरे चलते हुए बाबा के समीप पहुँचे और उनके कटि पर वापस लंगोटी बाँधते हुए अत्यन्त द्रवित कंठ से बोले, ''देवा, यह क्या बात है? आज सीमोल्लंघन का त्यौहार है और आप...!'' भागोजी ने अपनी बात पूरी भी नहीं की थी कि बाबा ने ज़ोर से ज़मीन पर सटका पटका और पूरे बल के साथ बोले, ''यह मेरा सीमोल्लंघन है।'' आसपास के लोग स्तब्ध थे और थर-थर काँप रहे थे। उनकी दृष्टि कभी बाबा के चेहरे पर जाती, तो कभी जलती धूनी पर। सबकी एक ही चिंता थी कि बाबा को शांत कैसे किया जाए। इधर चावड़ी जुलूस का समय बीता जा रहा था और लोगों में व्यग्रता बढ़ती जा रही थी।

लगभग एक घंटे बाद कहीं जाकर बाबा का क्रोध शांत हुआ और धीरे-धीरे वे अपनी सहज अवस्था में लौट आए। उन्होंने कफ़नी पहनी और माथे पर सफ़ेद रुमाल बाँधा। एक हाथ में चिलम उठाई और दूसरे हाथ में सटका पकड़ा और चावड़ी जुलूस में चलने के लिए तैयार हो गए। उस क्षण ऐसा लगा, मानो समुद्र में उठा प्रचण्ड तूफ़ान एकाएक शांत हो गया है और जल ने फिर अपना निर्मल प्रवाह धारण कर लिया है! यद्यपि बाबा की गूढ़ भाषा को समझ पाना किसी के लिए सम्भव नहीं था, लेकिन उन्होंने समोल्लंघन के बहाने यह संकेत कर दिया था कि जीवन रेखा पार करने का शुभ मुहूर्त केवल दशहरा ही है।

उन्हीं दिनों बाबा ने एक और घटना के माध्यम से अपने महाप्रस्थान का संकेत दिया। यह संकेत इतना सूक्ष्म और प्रतीकात्मक था कि कोई उसे नहीं समझ पाया। इस बार उन्होंने रामचन्द्र दादा पाटिल की मृत्यु टाल कर और तात्या की मृत्यु की भविष्य-वाणी करके अपने संकेत रूपक की रचना की। रामचन्द्र शिर्डी में जाए-जन्में एक सम्पन्न घराने के व्यक्ति थे और बाल्यकाल से ही बाबा की सेवा में निरत थे। बाबा के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा थी और बाबा के बोल-वचन ही उनके लिए कानून थे। गाँव में रामचन्द्र पाटिल, बाबा शिम्पी और तात्या की मैत्री प्रसिद्ध थी। तीनों प्रायः साथ-साथ नज़र आते थे और सुख-दुःख में परस्पर सहभागी बने हुए थे।

वर्ष १९१६ की बात है। रामचन्द्र बहुत बीमार पड़े। तीव्र ज्वर और मांसपेशीय वेदना ने उन्हें बुरी तरह से तोड़ दिया। उन्होंने व्याधि-शमन के लिए कई तरह के उपचार किए; लेकिन कोई भी इलाज कारगर सिद्ध नहीं हुआ। जब पीड़ा असहनीय बन गई तो वे मृत्यु की याचना करने लगे। एक मध्य रात्रि में जब रामचन्द्र गहरी नींद में थे, उन्होंने एक स्वप्न देखा – बाबा उनके सिराहने आएं, सिर पर स्नेह से हाथ फेरा और कहा, ''घबराओ नहीं, तुम्हारी हुण्डी वापस ले ली गई है और तुम शीघ्र ही स्वस्थ हो जाओगे; लेकिन मुझे तो केवल तात्या का भय है। वर्ष १९१८ में विजयदशमी के दिन उसका निधन हो जाएगा, लेकिन तुम यह बात तात्या को नहीं बताना, अन्यथा वह भयभीत हो जाएगा।'' नींद में घबराए रामचन्द्र ने जैसे ही आँखें खोलीं, स्वप्न भंग हो गया, लेकिन स्वप्न की स्मृति यथार्थ के धरातल पर आकर गड़ गई। रामचन्द्र को विश्वास था कि बाबा कोई बात स्वप्न में कहें या प्रत्यक्ष, वह झूठी नहीं हो सकती। तात्या की मृत्यु की बात से रामचन्द्र का मन बिंध गया। स्वयं के स्वस्थ होने और नया जीवन पा लेने की उपलब्धि उनके मन को कोई ख़ुशी नहीं दे सकी, लेकिन अपने प्रिय मित्र की आसन्न मृत्यु का दुःख उनके मन को विदीर्ण कर गया।

जीवन का खेल देखिए कि कुछ ही दिनों में बीमार रामचन्द्र पूर्ण स्वस्थ हो गए। उन्होंने शैया त्याग दी और चलने-फिरने लगे; लेकिन अब उन्हें तात्या के जीवन की चिंता सताने लगी। वे यह जानते थे कि बाबा के बोल कभी अकारथ नहीं जाएंगे और दो वर्ष बाद ही तात्या संसार से विदा हो जाएंगे। रामचन्द्र इस भावी दुःख के बोझ को अकेले सहन नहीं कर पा रहे थे और रह-रह कर उनकी आँखों से आँसू ढुलक पड़ते थे। एक दिन उन्होंने अपने अभिन्न मित्र बाला शिम्पी के साथ इस विकट चिंता को बाँट लिया। अब केवल दो ही व्यक्ति – रामचन्द्र दादा पाटिल और बाला शिम्पी थे, जो तात्या के तेजी से खुटते जा रहे जीवन के लिए चिंताग्रस्त और दुःखी थे।

यद्यपि बाबा के कथन का निहितार्थ भविष्य के गर्भ में था, लेकिन वर्तमान उसकी पृष्ठभूमि रचने लगा था। यह कोई नहीं जानता था कि बाबा ने तात्या का नाम लेकर जीवन-मृत्यु का जो खेल रचा है, उसकी अंतिम बाजी उन्होंने अपने हाथ में रख ली है। यह महज दुर्योग नहीं था कि बाबा के देहावसान के कुछ समय पूर्व मस्जिद में एक अपशकुन हुआ, जिससे कुछ अनर्थ-अनिष्ट होने की आशंका बलवती हो गई। यह अपशकुन पत्थर की एक पुरानी ईंट के खंडित होने से जुड़ा था। यह ईंट बरसों से बाबा के पास थी, जिस पर वे अपना हाथ टेक कर रखते थे और शयन करते समय उसे तकिए की तरह सिरहाने रखा करते थे। उस ईंट के प्रति बाबा की अतिशय प्रीति थी। एक तरह से वह ईंट बाबा के लिए आत्मसंजीवनी थी। यह कोई नहीं जानता था कि बाबा उस ईंट की टेक लेकर ही अपनी लोकयात्रा पूरी कर रहे हैं। इस बात से भी लोग अनजान थे कि उन्होंने अपने जीवन की डोर को उस ईंट की खूँटी से बाँध रखा है।

संसार को बाबा के ईंट आलंबन का ज्ञान भी उस समय हुआ जब वह ईंट टूट कर दो टुकड़े हो गई। हुआ यह कि एक दिन बाबा सैर पर निकले हुए थे और एक

बालक मस्जिद की साफ़-सफ़ाई कर रहा था। मस्जिद में झाडू लगाने के लिए उस बालक ने जैसे ही ईंट उठाई कि अचानक वह हाथ से फिसल कर गिर गई और उसके दो टुकड़े हो गए। जब बाबा को उस ईंट के खंडित होने की जानकारी मिली तो वे एकाएक जैसे संज्ञाशून्य हो गए। यह घटना उनके लिए किसी वज्रपात से कम नहीं थी। वे गमगीन मन:स्थिति में पहले कुछ क्षणों तक भग्न ईंट को देखते रहे, फिर द्रवित कंठ से बोले, ''यह ईंट नहीं फूटी है, मेरा भाग्य ही फूट कर छिन्न-भिन्न हो गया है। यह ईंट तो मेरी जीवन संगिनी थी और इसे अपने पास रख कर मैं चिंतन किया करता था। यह मुझे अपने प्राणों के समान प्रिय थी और उसने आज मेरा साथ छोड़ दिया है।'' बाबा के लिए उस ईंट से बिछोह असहनीय था। ईंट जैसी एक जड़, तुच्छ वस्तु के लिए बाबा को दुःखी और वेदनाग्रस्त देख कर भक्त जन चकित थे। उनके लिए यह बात सोच और कल्पना से भी परे थी कि एक ईंट के साथ बाबा के प्राण जुड़े हुए हैं और अब ईंट के टूटने के बाद बाबा की साँस टूटने का वक़्त भी निकट आ गया है।

लेकिन, बाबा को अपने अवसान का मानो पूर्व बोध था! उन्होंने अपने भक्त उद्धवेश बुवा को, जो हर पन्द्रह दिन के अंतराल से उनके दर्शनार्थ शिर्डी आते थे, उन्हें बाबा ने आगे से न आने का परामर्श दिया। इतना ही नहीं, बाबा ने अपनी स्मृति में मौहिब, कव्वाली और लंगर के आयोजन के लिए एक मुस्लिम संत शमशुद्दीन को कुछ राशि भी भिजवाई। बाबा ने अपने भक्त कासिम के मार्फ़त एक दूसरे मुस्लिम औलिया बन्ने मियाँ को भी यह संदेश भिजवाया - ''अल्ला मियाँ ने जो चिराग रोशन किया था, वे उसे वापस ले जा रहे हैं।'' कहते हैं, ज्यों ही बन्ने मियाँ ने बाबा का यह पैगाम सुना, उनकी आँखों से आँसू टपकने लगे।

सितम्बर १९१८ के खत्म होते-होते बाबा का स्वास्थ्य तेजी से गिरने लगा। वे ज्वरग्रस्त हो गए और उन्हें अन्न से भी अरुचि हो गई। वे बहुत क्षीणकाय और दुर्बल दिखने लगे। शरीर में शक्ति नहीं होने के बाद भी बाबा ने अपने नियमित कार्यों को जारी रखा और भिक्षाटन और लेंडी बाग की फेरी में कोई व्यतिक्रम नहीं आने दिया। वे बूटी, निमोनकर, भागोजी आदि भक्तों के हाथ का सहारा पकड़ कर मुश्किल से ही सही धीरे-धीरे चलते हुए अपनी फेरी पूरी कर लेते थे। मालूम नहीं, यह महज संयोग था या दुर्योग कि जिन दिनों बाबा बीमार हुए ठीक उन्हीं दिनों तात्या भी रोगग्रस्त हो गए और उन्होंने शैया पकड़ ली। दो-चार दिन में ही स्थिति इतनी गम्भीर हो गई कि उनके लिए चारपाई से नीचे उतरना भी मुहाल हो गया और बाबा के दर्शन के लिए मस्जिद जाना तो जैसे असम्भव ही हो गया। उस विकट स्थिति में भी तात्या ने साईं सुमिरन नहीं छोड़ा और खाट पर लेटे-लेटे ही वे बाबा का निरंतर स्मरण करते रहे।

इधर अक्टूबर १९१८ के नवरात्र बीत रहे थे और विजयदशमी का पर्व निकट आ रहा था, उधर बाबा और तात्या दोनों की स्थिति उत्तरोत्तर गम्भीर और चिंताजनक बनती जा रही थी। तात्या को मरणासन्न देख कर रामचन्द्र और बाला शिम्पी की घबराहट बढ़ गई। उन्हें आभास हो रहा था कि बाबा के वचन की सत्यता सिद्ध होने की घड़ी निकट आ गई है और अब तात्या धीरे-धीरे अपनी मृत्यु की तरफ़ बढ़ रहे हैं। दोनों मित्र मन ही मन रो रहे थे और दुःखी, भग्न हृदय से तात्या के अंतिम साथ को अंगीकार कर रहे थे।

उधर मस्जिद में कमजोर-क्लांत शरीर बाबा अपनी शैया पर लेटे थे। भक्त जन उन्हें घेर कर बैठे थे और बड़ी लगन से सेवा कर रहे थे। बाबा ने पिछले दो-तीन दिन से भिक्षा फेरी पर जाना बंद कर दिया था और अन्न-जल भी छोड़ दिया था, इसलिए भक्तों की चिंता प्रतिक्षण बढ़ती जा रही थी। बाबा के शरीर में इतनी कमजोरी आ गई थी कि करवट बदलते हुए भी उन्हें वेदना होती थी। उनके चेहरे का तेज बुझ गया था और मन खूँटी तोड़ कर कहीं उड़ जाने के लिए जैसे मचल रहा था। इस विकट स्थिति में भी बाबा सचेत थे। वे जानते थे कि अब उनके देहत्याग की घड़ी निकट आ रही है और वे शीघ्र ही चोला छोड़ने वाले हैं, इसलिए उन्होंने मस्जिद में धर्म ग्रन्थों का पाठ प्रारम्भ करवा दिया। बाबा ने बीमारी के दौरान ही अपने भक्त वझे को रामविजय प्रकरण सुनाने को कहा। वझे ने पाठ का पहला आवर्तन एक सप्ताह में पूरा किया। इसके बाद उन्हें आठों प्रहर पाठ करने की आज्ञा मिली। वझे ने इस दूसरे आवर्तन को भी पूरा कर लिया। इसके बाद उन्होंने तीन दिन तक और पाठ किया। जब वे बिल्कुल ही थक गए, तो बाबा ने उन्हें विश्राम करने भेज दिया।

... फिर विजयादशमी का दिन आया। उस दिन भी और दिनों की तरह ही सूर्योदय हुआ, लेकिन शिर्डी का जीवन अपनी स्वाभाविक लय-गति नहीं पकड़ पाया। हवा में एक नामालूम-सी सिहरन थी, चारों दिशाएँ सांय-सांय कर रही थीं और सारे वातावरण में एक अजीब तरह की बेचैनी महसूस हो रही थी। गाँव में चिड़ियाँ, कौवे, कुत्ते रह-रह कर शोर मचा रहे थे और सर्वत्र एक डसवनी-सी उदासी फैली थी। त्यौहार को लेकर भी ग्रामवासियों में कोई उत्साह नहीं था। सबके मन उचाट थे और किसी अनहोनी की आशंका से आक्रांत थे। उधर विजयादशमी के दिन ही तात्या के घर पर यमराज ने डेरा डाल दिया। मृत्यु तात्या के सिर पर मंडरा रही थी। उस दिन दोपहर में तो यह हुआ कि तात्या की नाड़ी की गति एकदम मंद पड़ गई और परिजनों ने उसे धरती पर ले लिया। ऐसा लगा, मानो बस अब प्राण छूटने ही वाले हैं, लेकिन उसी समय सहसा एक चमत्कार घटित हुआ - मृत्यु तात्या को लेकर नहीं गई, सिर्फ़ उनका स्पर्श करके निकल गई, नियति ने जैसे तात्या को स्वस्थ होने का अवसर दे दिया। उनकी मृत्यु टल गई और प्राण बच गए; लेकिन उनके स्थान पर ईश्वर ने अपने 'परम प्रकट और परम दिव्य स्वरूप' को वापस अपने पास बुला लिया। सबको ऐसा लगा, जैसे बाबा ने अपनी साँसें देकर तात्या को मृत्यु-मुख से बचाया है। रामचन्द्र और बाला शिम्पी तो सबसे ज्यादा हतप्रभ थे। उन्हें अब समझ में आया कि बाबा ने तात्या का नाम लेकर ही अपने अवसान का संकेत दिया था। बाबा का महाप्रयाण भक्तों के लिए वज्रपात था। जो भक्त गण बाबा की अंतिम घड़ी के साक्षी बने, उनके लिए वह कालखण्ड इतना भारी और विह्वल कर देने वाला था कि उनके रोंगटे खड़े हो गए। भक्त परिवार ने बाबा की महाप्रयाण बेला का जो मार्मिक वर्णन सुनाया, वह सबको हिला देने वाला था -

अपनी अंतिम घड़ी में बाबा ने अपनी सुध-बुध नहीं खोई थी और वे मस्जिद में बैठे अपने भक्त जनों को भली-भाँति पहचान पा रहे थे। आरती के समय भक्तों ने सहारा देकर बाबा को बिठाया और नियत समय पर आरती कर उनके चरणों में मस्तक नवाएँ। विलक्षण बात यह थी कि आरती के बाद बाबा वापस अपनी शय्या पर नहीं लेटे और बिना किसी की सहायता लिए अपने आसन पर सीधे बैठ गए। उस समय वे बहुत सहज-स्फूर्त दिखाई दे रहे थे। कुछ क्षणों के लिए उनकी तबीयत में भी सुधार प्रतीत हुआ। भक्तों को लगा कि अब संकट टल गया है, इसलिए उनके निराश चेहरों पर आशा की किरण चमकने लगी। आसन पर बैठे-बैठे ही बाबा टकटकी बाँध कर कुछ क्षणों तक बूटी और काका को देखते रहे। वे दोनों पिछले कई दिनों से मस्जिद में बाबा के साथ ही भोजन कर रहे थे; लेकिन आज बाबा ने उन्हें वाड़े में जाकर भोजन करने के लिए कहा। दोनों की इच्छा बाबा को छोड़ कर कहीं जाने की नहीं थी, लेकिन बाबा के बार-बार दबाव डालने पर उन्हें भारी मन और अनिच्छा से वाड़े में जाना पड़ा। अब नाना, लक्ष्मी, भागोजी, बयाजी और शिम्पी ही मस्जिद में बचे थे। शामा नीचे मस्जिद की सीढ़ियों पर बैठे थे। बाबा विस्फारित नेत्रों से अपने भक्त कुटुम्ब को देख रहे थे। अपने सामने लक्ष्मी को पाकर तो उनकी नज़र स्थिर हो गई और मन उमड़ आया। वे सोचने लगे कि ये अन्नपूर्णा पिछले कितने वर्षों से उन्हें मातृ-भाव से दूध-भाकरी खिला रही हैं। इनके विशुद्ध प्रेम का तो कोई मोल ही नहीं है। बाबा लक्ष्मी की निश्छल - निःस्वार्थ सेवाओं का स्मरण कर द्रवित हो गए और उनके मन में लक्ष्मी को कुछ देने की इच्छा जागृत हुई। उन्होंने इशारे से लक्ष्मी को अपने समीप बुलाया और अपनी जेब में हाथ डाल कर पहले पाँच और बाद में चार सिक्के निकाल कर उन्हें दिए। जब लक्ष्मी ने बाबा के काँपते हाथों से नौ सिक्के ग्रहण किए तो उनकी आँखें भर आईं। उन्होंने डबडबाई आँखों से बाबा को निहारा।

बाबा की आँखों की पुतलियों में एक विचित्र-सा स्पंदन आया और उनकी साँस उखड़ने लगी। वे अर्द्धचेतन-सी स्थिति में अत्यंत क्षीण स्वर में बुदबुदाएँ ''मुझे मस्जिद में अब अच्छा नहीं लगता, **मुझे बूटी के पत्थर वाड़े में ले चलो**!'' यह वाक्य पूरा करते-करते बाबा के शब्द टूटने लगे और वे बहुत कठिनाई से अपनी बात पूरी कर पाए और एकाएक उनकी गर्दन निढ़ाल हो गई और वे बयाजी के शरीर की ओर झुक गए। बयाजी ने लपक कर बाबा को सहारा दिया। अचानक उनकी दृष्टि मस्जिद की दीवारों पर चमके प्रकाश पर पड़ी। उन्होंने चौंक कर धूनी माई को देखा - वहाँ एक प्रबल प्रज्वलन उठा और हंस उड़ गया। भागोजी को लगा कि बाबा की

साँस रुक गई है और देह निष्प्राण है, तब उन्होंने भर्राए गले से चीखते हुए नानासाहेब को पुकारा। नाना दौड़ कर आए और उन्होंने जल्दी से जल लाकर बाबा के मुख में डाला, जो निकल कर बाहर आ गया। बाबा को यों अचेत देख कर नाना के मुँह से बरबस ही निकला, ''अरे देवा!'' तब क्षण भर के लिए ऐसा लगा, मानो बाबा ने नेत्र खोले हैं और ओंठ हिला कर धीमे स्वर में 'ओह' कहा है! लेकिन, वह भ्रम ही था। बाबा के नेत्र बंद हो गए थे - हमेशा के लिए। फ़क़ीर की लोकयात्रा ने विराम पा लिया था। शिर्डी का महायज्ञ पूर्ण हो गया था।

बाबा के महाप्रयाण का समाचार वाड़े में पहुँचा, तो कोहराम मच गया। काका और बूटी भोजन की थालियाँ छोड़ कर मस्जिद की ओर भागे और वहाँ का दृश्य देख कर स्तब्ध रह गए - बाबा बयाजी की गोद में चिर निद्रा में लीन थे। न वे नीचे लुढ़के और न शैय्या पर ही लेटे! अपने आसन पर शांति पूर्वक बैठे हुए और अपने हाथों से दान देते हुए उन्होंने शरीर त्याग दिया। बाबा के महाप्रयाण का समाचार गाँव में आग की तरह फैला और चारों ओर हाहाकार मच गया। ग्रामवासी अपने घरों-खेतों से निकल कर मस्जिद की ओर भागे। चारों ओर से रोने-विलाप करने की आवाज़ें आने लगीं। इस वज्रपात से भक्तों के हृदय विदीर्ण हो गए। उन्होंने आपा खो दिया और ज़ोर-ज़ोर से चीखते-चिल्लाते हुए रुदन करने लगे। देखते ही देखते पूरा शिर्डी दुःख और शोक में डूब गया। ग्रामवासी और भक्त जन अपनी भूख-प्यास भूल कर, दुःखी मन और सजल नेत्रों से भाव विगलित होकर बाबा के बोल-व्यवहार को याद कर बिलखने लगे। विषण्ण मन से भक्त जन बार-बार मस्जिद में जाते और बाबा की निष्प्राण देह के दर्शन कर रोते-सुबकते हुए वापस बाहर निकल कर आ जाते। इस दारुण दुःख में उन्हें धैर्य बँधाने वाला कोई नहीं था। वे बेसहारा थे। मस्जिद थी, लेकिन उसमें बाबा नहीं थे, सिर्फ़ उनकी पार्थिव देह थी। भक्तों के लिए इस हृदय विदारक सत्य को स्वीकार करना और सहन करना कठिन था।

अब संसार के सामने सबसे बड़ी कठिनाई थी - बाबा की अंतिम क्रिया। एक बार फिर यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ कि बाबा हिंदू थे या मुसलमान। जिस संत बाबा ने अपनी धार्मिक पहचान बनाए-बताए बिना लगभग अस्सी वर्षों का जीवन जी लिया, उस संत बाबा की माटी को कौन-सा ठिकाना दिया जाए? उन्हें कब्रिस्तान में दफ़न किया जाए या ज़मीन में समाधि दी जाए? संसार के लिए यह तय करना महाविकट समस्या थी। बाबा के कुछ यवन भक्तों का कहना था कि बाबा के शरीर को कब्रिस्तान में दफ़न कर उसके ऊपर मकबरा बना देना चाहिए, जबकि हिंदू भक्तों का विचार था कि बाबा के शरीर को उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप बूटी वाड़े में रख कर समाधि दी जानी चाहिए। बाबा की निष्प्राण काया मस्जिद में पड़ी थी और उनके संसारी भक्त 'समाधि-मकबरे' के मुद्दे पर ही आपस में उलझ रहे थे। इस दौरान बाबा के पार्थिव शेष के प्रति श्रद्धाचार प्रकट करने का ख्याल भी किसी को नहीं आया, लेकिन दासगणु और लक्ष्मण मामा ने 'स्वप्निल आदेश' से प्रेरित होकर तत्काल अपना कर्तव्य पूरा किया।

जिस दिन बाबा ने देहत्याग किया उस दिन दासगणु शिर्डी से दूर पंढरपुर में थे। इस घटना के दूसरे दिन सुबह जब वे गहरी नींद में थे तब उन्होंने एक स्वप्न देखा - बाबा उनके समक्ष प्रकट हुए और उन्होंने स्वयं अपने महाप्रस्थान का समाचार देते हुए कहा, ''मस्जिद भरभरा कर गिर गई है। शिर्डी के तेल-तम्बोली मुझे कष्ट देते थे, इसलिए मैंने अपना स्थान छोड़ दिया है। तुम शीघ्र वहाँ जाओ और हर तरह के फूल इकट्ठे कर मेरे शरीर पर चढ़ाओ!'' बाबा की इस आर्त अभिलाषा को सुन कर दासगणु नींद से जागे। वे इस स्वप्न से बहुत विचलित हुए और उन्होंने उसी समय शिर्डी के लिए प्रस्थान कर दिया। संयोगवश उसी दिन इसी तरह का स्वप्न लक्ष्मण मामा को भी हुआ। मामा शिर्डी में थे और सुबह की गहरी नींद में डूबे थे, तभी उन्होंने एक स्वप्न देखा - बाबा तेज क़दमों से चलते हुए उनके समीप आए और बहुत अधिकार पूर्वक उनका हाथ खींच कर बोले, ''जल्दी उठो, बापूसाहेब समझता है कि मैं मर गया हूँ, इसलिए वह तो आयेगा नहीं; तुम पूजा और काकड़ आरती करो!'' बाबा का यह मार्मिक आदेश सुन कर मामा की आँखें खुल गईं। स्वप्न टूट गया, लेकिन स्वप्नादेश उनके हृदय में उतर गया। वे तत्काल उठे, नहाए-धोए और पूजन सामग्री लेकर मस्जिद पहुँचे। उस समय मामा ने अपने भीतर अपूर्व आत्मबल महसूस किया। उन्होंने किसी के विरोध की परवाह नहीं की और बाबा की विधिवत् पूजा-आरती की। यह बाबा के पार्थिव शेष की

प्रथम काकड़ आरती थी। फिर दोपहर में बापूसाहेब जोग भी आए और उन्होंने सदैव की भाँति मध्याह्न आरती कर बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बाबा के देहपात वाले दिन शाम ढलने तक भी यह तय नहीं हो पाया कि उनकी पार्थिव देह को समाधि में विश्रांति दी जाए या मकबरे में। इस मुद्दे पर मतभेद बढ़ता देख कर राहाता और कोपरगाँव से पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी शिर्डी पहुँच गए और किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए मोर्चा सम्भाल लिया। वैसे अधिकांश लोगों का मानना था कि बाबा ने अंतिम तौर पर बूटी वाड़े में रहने की ही अभिलाषा व्यक्त की थी, इसलिए उनकी भावना और आदेश को सम्मान देते हुए पार्थिव देह को वाड़े में ही समाधि दी जानी चाहिए; लेकिन कुछेक लोग इस विचार से सहमत नहीं थे। सम्भवत: उन्हें यह आशंका थी कि यदि बाबा को वाड़े में समाधि दे दी गई तो वहाँ केवल एक धर्म के लोग ही प्रवेश कर पाएंगे, दूसरे धर्म के लोगों का प्रवेश वहाँ मान्य नहीं होगा। इस संदेह का निवारण करने के लिए आश्वासन एवं समझाइश का दौर चला। इसके बाद संदेह करने वाले लोगों ने बाबा को बूटी वाड़े में समाधि देने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त कर दी। लेकिन, इसमें कभी भी उलटफेर हो सकता था, इसलिए प्रशासनिक स्तर पर यह माना गया कि विवाद अभी पूरी तरह से ख़त्म नहीं हुआ है। इस बीच दूसरे दिन कोपरगाँव के मामलेदार भी शिर्डी पहुँच गए। जब उन्होंने देखा कि बाबा की अंतिम क्रिया को लेकर लोग एकमत नहीं है, तो समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मतदान का सुझाव दिया। इस सुझाव को तत्काल स्वीकार कर लिया गया। मतदान के बाद जनभावना स्पष्ट रूप से सामने आ गई – अधिकांश लोगों ने वाड़े के पक्ष में ही सम्मति दी थी। मतदान के नतीजों ने वाड़े के पक्ष में बहुमत तो सिद्ध कर दिया, लेकिन सर्वसम्मति के अभाव में संशय व अविश्वास का धुँधलका अभी भी छाया हुआ था। इससे सरकारी अधिकारियों के दिमाग में कई तरह की आशंकाएँ जन्म लेने लगीं। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम कार्यवाही करने से पूर्व कलेक्टर को वस्तुस्थिति की जानकारी देना आवश्यक समझा। इस मुद्दे पर जल्द निर्णय अपेक्षित था; क्योंकि बाबा के देहत्याग को छत्तीस घंटे बीत गए थे। इसलिए भक्तों के प्रतिनिधि के रूप में काकासाहेब दीक्षित कलेक्टर से बातचीत करने के लिए अहमदनगर जाने के लिए तैयार हो गए। लेकिन, इसी दौरान प्रतिपक्ष के सभी लोगों ने विवाद को निपटाने के लिहाज से वाड़े के प्रस्ताव को अंततः स्वीकार कर लिया और इसकी जानकारी प्रशासन को दे दी। इस तरह अल्पमत और बहुमत का गणित टूट-जुड़ कर एकमत में बदल गया। इसके बाद क्या था? भक्तों ने बूटी वाड़े के मध्यभाग की ख़ुदाई प्रारम्भ कर दी और कुछ ही देर में बाबा का 'समाधि स्थान' बन कर तैयार हो गया।

समाधि देने के पूर्व बाबा की देह को स्नान कराया गया और अंतिम रस्में निभाई गईं। विशेष बात यह थी कि देहत्याग के इतने घंटों बाद भी बाबा का शरीर कड़ा नहीं पड़ा था। उनके शरीर के सारे अंग-अवयव लचीले बने हुए थे, जिससे बहुत आसानी से कफ़नी आदि वस्त्र बिना चीरे हुए सरलता से निकाले जा सके। स्नान के बाद बाबा को नए सफ़ेद वस्त्र धारण करवाये गए, माथे पर चंदन गंध लगाया गया, पुष्पाहार से शरीर को ढ़क कर आरती


समाधि देने के पूर्व बाबा की देह को जिस चारपाई पर स्नान कराया गया वह चारपाई...



उतारी गई। बाबा का सारा शरीर देवोपम प्रभा और तेज से दमक रहा था। ऐसा लग रहा था, मानो आज चाँद-सितारों ने भी धरती पर उतर कर अपनी रजत रश्मियों से बाबा का श्रृंगार किया है! बाबा की वह दिव्यता दर्शनीय थी। उनके ज्योतिष्मान रूप का दर्शन करने वाले भक्तों की नज़रें उनके मुखमण्डल से हट ही नहीं पा रही थीं। बाबा की पार्थिव देह अपने 'दिव्य शोभित रूप में' अंतिम यात्रा के लिए तैयार थी।

दोपहर बाद जब द्वारकामाई से पार्थिव देह बाहर निकली, तो वातावरण भारी हो गया। हर एक शोक में विह्वल था। चारों ओर खड़े लोगों की आँखों से झर-झर आँसू बह रहे थे और सभी, मानो आर्द्र कंठ से बाबा का जयघोष कर अपने दुःख को भेदने की कोशिश कर रहे थे! पार्थिव देह के साथ-साथ चलते अंतिम यात्रा ने एक शोभायात्रा का रूप ग्रहण कर लिया। लोग भजन गाते हुए मखाने, फूल, पंचमेल और तांबे-चांदी के छोटे-छोटे सिक्के लुटाते हुए चल रहे थे। बाबा के अचेतन देह की शोभायात्रा ने पहले गाँव की संक्षिप्त परिक्रमा की। बाबा इस गाँव के सारे पथ-पगडंडियों पर घूमे-फिरे थे; लेकिन आज उनके पार्थिव शेष की छाया से शिर्डी के रज-कण अलंकृत हो रहे थे। पूरे रास्ते में श्रद्धा एवं शोक का अपूर्व नज़ारा दिखाई दे रहा था - कुछ लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे, तो कोई अपने स्थान पर स्थिर दोनों हाथ जोड़े सजल नेत्रों से बाबा की देह का अंतिम दर्शन कर रहे थे, तो कोई साष्टांग दंडवत कर सुबकते-सिसकते हुए बाबा के प्रति अपने श्रद्धा भाव व्यक्त कर रहे थे। भजन-कीर्तन की गूँज और जयकारों के साथ जब यह शोभायात्रा अपने अंतिम पड़ाव बूटी वाड़ा पहुँची, तो सूर्यास्त होने को था। बालासाहेब भाटे और उपासनी ने बाबा की उत्तर क्रिया सम्पन्न की। फिर वाड़े के मध्यभाग को खोद कर बनाए गए गर्भ-गृह में इत्र का छिड़काव कर उसे तुलसी दल, चंदन-कपूर और सुगंधित फूलों से सज्जित-सुवासित किया गया। अंत में मंत्रोच्चारण के बीच बाबा की पार्थिव देह उस भू-भाग में अर्पित कर कच्ची समाधि बना दी गई, जहाँ मुरलीधर की मूर्ति स्थापित होने को थी। अब बाबा मुरलीधर थे और बूटी वाड़ा समाधि मंदिर।

बाबा के अंतिम अनुष्ठान सम्पन्न होते-होते शिर्डी पर रात का अन्धेरा छाने लगा था। भक्त जन बाबा का जयघोष करते हुए वाड़े के बाहर आ गए। जाते-जाते उन्होंने एक बार फिर समाधि की तरफ़ देखा। दीयों के म्लान प्रकाश में समाधि, मानो बाबा का ही प्रतिरूप रच रही थी!...

**- डॉ. ओमप्रकाश टाक**

रामघरा गली,
बागर चौक, जोधपुर - ३४२ ००१,
राजस्थान.
संचार ध्वनि : (0)९८२९०२७०१०

○○○

**श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणो पादसेवनम्। अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यम् आत्मनिवेदनम्।। श्रवण, कीर्तन, नामस्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन ये भक्ति के नौ प्रकार हैं।**

## श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी

# ज़ाहिर आवाहन

श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी द्वारा विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित किताबें, डायरियाँ, कैलेंडर्स आदि साहित्य का पुनर्मुद्रण करने की संस्थान की योजना है। इस योजना के तहत मुद्रक से प्राप्त नमूना प्रतियों में सुधार और त्रुटियों की सावधानी पूर्वक जाँच करने का काम शामिल है। इसके लिए श्री साईं सत् चरित का गहन अध्ययन और विभिन्न भाषाओं का (मराठी, हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगू, तमिल, मलयालम्, कन्नड, बंगाली, ओरिया, गुजराती, असमिया, पंजाबी, सिंधी, उर्दू, नेपाली आदि) ज्ञान आवश्यक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भाषा विशेषज्ञ साईं साहित्य अभ्यासकों की समिति गठित करने का संस्थान का मनसूबा है। चयनित सदस्यों को साईं सेवा के रूप में नि:शुल्क सेवा प्रदान करनी होगी। निम्नलिखित निकषों की पूर्तता करने वाले इच्छुक साईं भक्तों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रता :–**

१. इच्छुक भक्तों को श्री साईं सत् चरित का गहन ज्ञान होना अनिवार्य है।

२. इच्छुक भक्तों ने धार्मिक और आध्यात्मिक किताबें लिखी होनी चाहिए। श्री साईं बाबा पर लिखी पुस्तकों के लेखकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

३. सरकार की भाषा समिति के सदस्यों को वरीयता दी जाएगी।

४. विशिष्ट भाषा में पी.एच.डी. प्राप्त और जाने माने विश्वविद्यालयों के प्रोफ़ेसर इच्छुक भक्तों को प्राधान्य दिया जाएगा।

५. इच्छुक भक्तों को संबंधित क्षेत्र में २० से २५ साल का दीर्घ अनुभव होना चाहिए।

**कार्य का स्वरूप :–**

१. यह जाँच करना कि मुद्रक द्वारा प्रस्तुत पुस्तकों, डायरियों, कैलेंडर्स की नमूना प्रतियाँ संस्थान द्वारा दी गई नमूना प्रतियों के अनुसार हैं या नहीं।

२. सुधार और प्रूफ संशोधन बारीकी से करना।

३. साईं भक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों/संदेहों का हल करने के लिए संस्थान को मार्गदर्शन और स्पष्टीकरण प्रदान करना।

४. समय–समय पर विभिन्न प्रकाशनों से संबंधित संस्थान के किसी भी अन्य मुद्दे और समस्याओं पर चर्चा/बातचीत करना।

पात्र इच्छुक साईं भक्त अपना आवेदन निम्नलिखित मेल आईडी पर भेजें :–

publication@sai.org.in

अधिक जानकारी के लिए कृपया ०२४२३–२५८८००/०८ पर सम्पर्क करें

(गोरक्ष गाडीलकर भा.प्र.से.)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी



**Shirdi News**

**✼ Public Relations Office ✼**

**Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi**

# Guru Paurnima Utsav - 2024

The annual *Shri Guru Paurnima* festival was celebrated this year from Saturday, July 20, 2024 to Monday, July 22, 2024 by the Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi, in an auspicious and enthusiastic atmosphere.

The *Guru*-disciple tradition is very ancient. *Ashadhi Paurnima* is celebrated as *Guru Paurnima* to express gratitude towards our *Guru*. This *Guru Paurnima* (full moon) is also recognised as Vyas *Pooja*. *Guru Paurnima* has been celebrated in Shirdi since the incarnation-period of Shri Sai Baba. So, this day has an extra-ordinary significance for Sai devotees. Several devout-devotees who have faith in Shri Sai Baba, coming to Shirdi every year on *Guru Paurnima* avail the *darshan* of the *Samadhi*, and *padayatris* (pilgrims on foot) with hundreds of *palkhis* (palanquins) from Maharashtra and other states attend the festival. This year's *Shri Guru Paurnima* festival was celebrated in an auspicious atmosphere in the presence of lakhs of devout-devotees. Shirdi resounded with the chanting of Sai's name by Sai devotees in






श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के उपलक्ष्य में प्रथम दिन श्री की प्रतिमा, ‘श्री साईं सत् चरित’ ग्रन्थ व वीणा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में संस्थान की तदर्थ समिति के सदस्य तथा ज़िलाधिकारी श्री सिद्धाराम सालीमठ ‘श्री साईं सत् चरित’ ग्रन्थ लिए, संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले वीणा लिए और संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर व प्र. प्रशासकीय अधिकारी श्री विश्वनाथ बजाज श्री की प्रतिमा लिए शामिल हो गए थे। इस अवसर पर संस्थान की प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुळे–सिनारे, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके, मंदिर पुजारी, शिर्डी ग्रामवासी एवं साईं भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

palanquin processions from various parts of the Maharashtra state including Goa.



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के उपलक्ष्य में प्रथम दिन समाधि मंदिर में संस्थान की तदर्थ समिति के सदस्य तथा ज़िलाधिकारी श्री सिद्धाराम सालीमठ व उनकी पत्नी श्रीमती मिनाक्षी सालीमाठ के हाथों श्री की पाद्यपूजा की गई। इस अवसर पर संस्थान की प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुळे–सिनारे, प्र. प्रशासकीय अधिकारी श्री विश्वनाथ बजाज, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके आदि उपस्थित थे।



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिन अमेरिका के वाणिज्य दूतावास श्री माईक हैंकी ने श्री साईं बाबा की मध्याह्न आरती में शामिल होकर श्री साईं समाधि के दर्शन किए। उसके बाद संस्थान की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर के हाथों उनका सत्कार किया गया।

In order to facilitate the convenient accommodation and *darshan* of the devotees who came from the nook and corner of the country for the *Shri Guru Paurnima* festival, monsoon pavilions were erected by the Sansthan in the temple area, as also in all accomodation locations. Additional buses were arranged to go to and from the temple and accommodation places and Shri Sai Prasadalaya. First aid centers were started at Dixit *Wada* in front of the *Gurusthan*, the old and new *darshan* lines, New Bhakt Niwas Sthan (500 rooms), Sai Ashram, Shri Sai Prasadalaya and Shri Sai Baba *Samadhi Mandir Shatabdi Mandap* beside the Maruti *Mandir*. Along with this, after the *palkhis* reached Shirdi, the foot-pilgrims were accommodated at Sai Dharmashala at a nominal rate. *Ladoo* selling centers were set up, to make *ladoo-prasad* packets easily available to the devotees during the festival period, at the new *darshan* line, Shri Sai Mangal Karyalay, open drama theater in front of Dwarkamai, Sevadham, Shri Sai Prasadalaya and all accomodation places.

On the first day of the festival, Saturday, July 20, 2024, at 5.15 a.m., Shri Sai Baba's *Kakad Aarti* took place. After that, a grand procession of the Image of Shri Sai Baba, Shri Sai Satcharita *Pothi* (holy book) and the *Veena* was taken out from the *Samadhi Mandir* to Dwarkamai via *Gurusthan*, with the sounding of cymbal, *mridang* and other musical instruments. In this procession, Shri Siddharam Salimath, Member of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and District Collector carrying the holy book, Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan carrying the *Veena* and Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan and Shri Vishwanath Bajaj, I/c Administrative Officer carrying the Image of Shri Sai Baba participated. Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Administrative Officer of the Sansthan, Shri Vishnu Thorat, Temple dept. Chief, Shri Tushar Shelke, I/c Public Relations Officer, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present in large numbers on the occasion. After the procession arrived at Dwarkamai, the non-stop reading of the holy book, Shri Sai Satcharita commenced with Shri Siddharam Salimath, Member of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and District Collector reading the first chapter, Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Administrative Officer of the Sansthan, the second chapter, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, the third chapter, Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, the fourth chapter and Shri Abhaykumar Dunakhe, Head of the Sansthan's ITI, the fifth chapter.



श्री साईं बाबा संस्थान में सन् २०१४ से अनुकंपा प्रतीक्षा सूची में शामिल अनुकंपा अभ्यार्थियों को दिनांक ०१.०९.२०२० से दिनांक ३१.१२.२०२३ तक के रिक्त पदों पर नियुक्त किया गया है। श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव २०२४ की पूर्व सन्ध्या पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर द्वारा ये नियुक्तियाँ दी गईं। रिक्त पदों के १० प्रतिशत के अनुसार समूह क के ८ एवं समूह ड के १७ ऐसे कुल २५ पदों पर प्रतीक्षा सूची के प्रथम प्राथमिकता क्रम के अनुसार अनुकंपा के आधार पर ये नियुक्तियाँ दी गईं। इनमें समूह क के कुल ८ पदों में आचारी १, लिपिक–टाइपिस्ट ५ व तार मिस्त्री २ और समूह ड के कुल १७ पदों में १० सहायक/मददगार व ७ सफ़ाई कर्मी शामिल हैं। इस अवसर पर संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुले–सिनारे, मुख्य कार्यकारी अभियंता श्री भिकन दाभाडे, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलेके आदी कर्मचारी उपस्थित थे।

Shri Siddharam Salimath, Member of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and District Collector with his wife Sou. Minakshi Salimath, performed the *Padya Pooja* (Worship of the Holy Feet) of Shri Sai Baba in the *Samadhi Mandir*. Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Administrative Officer of the Sansthan, Shri Vishwanath Bajaj, I/c Administrative Officer, Shri Vishnu Thorat, Temple dept. Chief, Shri Tushar Shelke, I/c Public Relations Officer were present on this occasion.

At 12.30 p.m., Shri Sai Baba's Mid-day *Aarti* was done. Shri Mike Hankey, Consul General at the U.S. Consulate General, Mumbai, attended this *Aarti*. From 4 p.m. to 6 p.m., *Hari Bhakt Parayan*, Shri Mandar Vyas (Dombivli, Tal. Kalyan, Dist. Thane, Maharashtra State)'s *kirtan* programme was held on the north side stage of Shri Sai Baba *Mandir*. *Dhoop Aarti* of Shri Sai Baba was held at 7 p.m. From 7.30 p.m. to 10 p.m., Shri Prashant Bhalekar (Mumbai)'s Swardhuni (Sai songs) programme was held on the stage of Shri Sai Baba *Samadhi Shatabdi* (Centenary) *Mandap* beside the Hanuman temple.

At 9.15 p.m., the procession of Shri Sai Baba's *Palkhi* was taken out through the village. The Sansthan's Officers, employees, villagers and Sai devotees in large numbers participated on this occasion. After the return of the *Palkhi* procession, Shri Sai Baba's *Shej Aarti* was performed. Dwarkamai was kept open for the *Akhand Parayan* (continuous reading).

On the main day of the festival, Sunday, July 21, 2024, at 5.15 a.m., Shri Sai Baba's *Kakad Aarti* took place. After that the non-stop reading of the holy book, Shri Sai Satcharita concluded. After that, a grand procession of the sacred book, Shri Sai Satcharita was taken out. In this procession, Shri Sudhakar Yarlagadda, the then Chairman of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and Principal District and



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन पावन ग्रन्थ 'श्री साईं सत् चरित' के अखण्ड पारायण का समापन हुआ। अखण्ड पारायण समापन शोभायात्रा में संस्थान की तदर्थ समिती के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ लिए, संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर वीणा लिए और संरक्षण अधिकारी श्री रोहिदास माली व अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य श्री आसीफ तांबोली श्री की प्रतिमा लिए शामिल हो गए थे। इस अवसर पर संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके, आस्थापना विभाग प्रमुख श्री रामदास कोकणे, मंदिर पुजारी, शिर्डी ग्रामवासी व साईं भक्त बड़ी तादाद में उपस्थित थे।



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन समाधि मंदिर में संस्थान की तदर्थ समिति के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा व उनकी पत्नी श्रीमती मालती यार्लगड्डा के हाथों श्री की पाद्यपूजा की गई। इस अवसर पर संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके, संरक्षण अधिकारी श्री रोहिदास माली आदि उपस्थित थे।



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन लेंडी बाग में शताब्दी ध्वज का संस्थान की तदर्थ समिति के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा व उनकी पत्नी श्रीमती मालती यार्लगड्डा और संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर व उनकी पत्नी श्रीमती वंदना गाडीलकर के हाथों पूजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके आदि उपस्थित थे।

Sessions Judge with the holy book, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan with the *Veena* and Shri Rohidas Mali, Security Officer and Shri Asif Tamboli, Principal, English Medium School with the Image of Shri Sai Baba participated. Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Vishnu Thorat, Temple dept. Chief, Shri Tushar Shelke, I/c Public Relations Officer, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present in large numbers on this occasion.

At 6.20 a.m., the holy bath of Shri Sai Baba was done. On the occasion of Shri *Guru Paurnima* festival at 7 a.m., the *Padya Pooja* of Shri Sai Baba was performed by Shri Sudhakar Yarlagadda, the then Chairman of the Sansthan's Ad-hoc Committee and Principal District and Sessions Judge and his wife Sou. Malati Yarlagadda. At 8 a.m., Shri Sudhakar Yarlagadda, the then Chairman of the Sansthan's Ad-hoc Committee and Principal District and Sessions Judge and his wife Sou. Malati Yarlagadda and Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan and Sou. Vandana Gadilkar, worshipped the *Shatabdi* Flag in Lendi Baug.

From 10 a.m. to 12 p.m., Shri Nana Veer (Shirdi)'s Saibhajan programme was held.

At 12.30 p.m., Mid-day *Aarti* of Shri Sai Baba was done. From 1 p.m. to 3 p.m., Shri Sanjeev Kumar (Pune)'s Bhajan Sandhya programme was performed.


From 4 p.m. to 6 p.m., *Hari Bhakt Parayan,* Shri Santosh Pitre (Dombivli, Tal.



दिनांक २१ जुलाई २०२४ को, श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन के उपलक्ष्य में संस्थान की ओर से श्री साईं आश्रम (१००० कमरे) भक्त निवास में श्री साईं भक्तों के लिए शुद्ध और स्वच्छ पीने के पानी का नया अत्याधुनिक जल शुद्धिकरण संयंत्र लगाया गया। इस संयंत्र का मूल्य रु. १० लाख है। इसकी क्षमता २००० लिटर प्रति घंटा है। यह संयंत्र दानी साईं भक्त श्री अरुण तिवारी ने दान स्वरूप संस्थान को प्रदान किया है। इसका उद्घाटन संस्थान की तदर्थ समिति के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा तथा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर और दानी साईं भक्त श्री अरुण तिवारी के हाथों किया गया। इस अवसर पर संस्थान के उप कार्यकारी अभियंता श्री दिनकर देसाई, यांत्रिक विभाग प्रमुख श्री अतुल वाघ, साईं आश्रम भक्त निवास विभाग के प्र. अधीक्षक श्री विजय वाणी आदि उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद दानी साईं भक्त श्री अरुण तिवारी का संस्थान की ओर से संस्थान की तदर्थ समिति के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला और सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा तथा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर के हाथों सत्कार किया गया।




श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन जापान से आए १८ श्री साईं भक्तों ने श्री साईं बाबा समाधि के दर्शन किए। ये विदेशी साईं भक्त पिछले १० सालों से हर साल शिर्डी आकर श्री साईं बाबा की समाधि के दर्शन करते हैं। हर साल की तरह इस साल भी उन्होंने गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल होकर श्री साईं नाम के जयघोष में श्री साईं बाबा के आशीर्वाद लिए।



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के मुख्य दिन महाराष्ट्र राज्य के कृषि मंत्री श्री धनंजय मुंडे ने श्री साईं बाबा की समाधि के दर्शन किए। दर्शन के बाद श्री साईं बाबा संस्थान की ओर से प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुले–सिनारे के हाथों उनका सत्कार किया गया।

Kalyan, Dist. Thane, Maharashtra State)'s *kirtan* programme was held. *Dhoop Aarti* of Shri Sai Baba was done at 7 p.m.

From 7.30 p.m. to 10 p.m., a programme of Bhajan Sandhya by Shri Neeraj Sharma (Delhi) was held. The artists



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के समापन दिन समाधि मंदिर में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर व उनकी पत्नी श्रीमती वंदना गाडीलकर के हाथों श्री की पाद्यपूजा की गई। इस अवसर पर संस्थान के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुळे–सिनारे, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात आदि उपस्थित थे।






श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के समापन दिन गुरुस्थान में संस्थान की तदर्थ समिति के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रधान ज़िला और सत्र न्यायाधीश श्री सुधाकर यार्लगड्डा एवं उनकी पत्नी श्रीमती मालती यार्लगड्डा के हाथों रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर, तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा महांडुले–सिनारे, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, पुजारी, कर्मचारी, शिर्डी ग्रामवासी व साईं भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के समापन दिन काला कीर्तन के बाद समाधि मंदिर में श्री साईं बाबा के समकालीन भक्त तात्या पाटिल कोते के वंशज परिवार के सदस्य श्री राजेन्द्र सुभाष कोते के हाथों दही हांडी फोड़ी गई। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोरक्ष गाडीलकर, तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुकाराम हुलवले, प्र. जनसंपर्क अधिकारी श्री तुषार शेलके, मंदिर विभाग प्रमुख श्री विष्णु थोरात, मंदिर पुजारी, शिर्डी ग्रामवासी और साईं भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

of the programme were felicitated on behalf of the Sansthan. A grand procession of Shri Sai Baba's Chariot was taken out through the village at 9.15 p.m. The Officers and employees of the Sansthan, Sai devotees, villagers and musical groups, such as cymbal squad, *lezim* troupe, band squad, drum squad, participated in this procession in large numbers. From 10 p.m. to 5 a.m. the next day, there was a performance of artists on the stage in front of the *Samadhi Mandir*. Being the main day of the festival, the *Samadhi Mandir* of Shri Sai Baba was kept open for the *darshan* throughout the night. Lakhs of devotees availed the benefit of this.

On the occasion of the main day of the *Gurupaurnima* festival, a modern drinking water purifier plant was installed at the Shri Sai Ashram (1000 rooms) Bhaktniwas to provide clean and pure drinking water to Sai devotees. The cost of this plant is 10 lakh rupees, and it is donated by the philanthropic donor Sai devotee, Shri Arun Tiwari. The plant was inaugurated by the then Chairman of the Sansthan's Ad-hoc Committee and Principal District and Sessions Judge, Shri Sudhakar Yarlagadda and the Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Goraksha Gadilkar and philanthropic donor Sai devotee, Shri Arun Tiwari. The capacity of this plant is 2000 liters per hour. After the inauguration, the philanthropic donor Sai devotee, Shri Arun Tiwari was felicitated by the then Chirman of the Sansthan's Ad-hoc Committee and Principal District and Sessions Judge, Shri Sudhakar Yarlagadda and the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar. Shri Dinkar Desai, Deputy Executive Engineer, Shri Atul Wagh, Mechanical dept. Chief and I/c Superintendent of the Sai Ashram Bhaktniwas dept., Shri Vinay Vani were present on the occasion.

On the concluding day of the festival, Monday, July 22, 2024 at 6.50 a.m., Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan and his wife Sou.

Vandana Gadilkar performed the *Padya Pooja* in the *Samadhi Mandir*. After that, the *Rudrabhishek Pooja* was performed by Shri Sudhakar Yarlagadda, the then Chairman of the Sansthan's Ad-hoc Committee and Principal District and Sessions Judge and his wife Sou. Malati Yarlagadda at the *Gurusthan* at 7 a.m. After the *Kala kirtan*, that started at 10 a.m., the *Dahi-handi* (pot of curd) was broken by Shri Rajendra Subhash Kote, a descendant family member of the contemporary devotee of Shri Sai Baba, Shri Tatya Patil Kote. Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer, Shri Tushar Shelke, I/c Public Relations Officer, Shri Vishnu Thorat, Head of the Temple dept, temple priests, Shirdi villagers and Sai devotees were present in large numbers.

At 12.10 p.m., Mid-day *Aarti* of Shri Sai Baba was done. From 1 p.m. to 3 p.m., Smt. Vanita Bajaj (Delhi)'s Saibhajan programme was held. From 4 p.m. to 6 p.m., a programme of *Bhajan* (devotional songs) by Shri Virendra Kumar, Sai brothers (Prayagraj) was held. *Dhoop Aarti* was done at 7 p.m.

From 7.30 p.m. to 9.30 p.m., Shri Gyanesh Verma (Mumbai)'s Sairam Gunagan programme was held on the stage of Shri Sai Baba *Samadhi Shatabdi Mandap* beside the Hanuman temple. On this occasion, the artists of the programme were felicitated on behalf of the Sansthan. The audience spontaneously lauded the programme. The *Shej Aarti* of Shri Sai Baba was done at 10 p.m.

Like every year, with the exception of the corona period, the *padayatri* devout of Shri Sai Baba Palkhi Sohla Samiti who had come from Pune, attended the festival. On the occasion of the festival, the attractive floral decoration of the temple and its surroundings from the donation by Smt. Subha Pai, philanthropic Sai devotee and the spectacular electric lighting of the temple and its surroundings, Sai Baba Hospital, Shri Saiashram Bhakt Niwas and Shri Sai Prasadalaya by Sairaj Decorators (Mumbai) drew the attention of Sai devotees. On behalf of the Sansthan, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer felicitated these donor Sai devotees in the Sai auditorium. Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer, Shri Bhikan Dabhade, Executive Engineer, Shri Kishor Gawli, Head of the Electrical dept. and employees were present on the occasion.

During the festival period, about 1,91,349 devout-devotees availed the benefit of the *prasad*-meal in Shri Sai Prasadalaya, and about 1,96,200 devout-devotees availed the benefit of the *bundi prasad* packets.

Thousands of Sai devotees availed the benefit of accommodation arrangement in Shri Sai Ashram, Shri Sai Baba Bhakt Niwas Sthan, Dwaravati and Shri Sai Prasad Niwas Sthan. *Padayatri* Sai devotees from around 37 palanquins from all corners of the Maharashtra state including Goa availed the accommodation facility at the Shri Sai Dharmashala at nominal rates.

Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Administrative Officer, Shri Vishwanath Bajaj, I/c Adminisrrative Officer, Executive Engineer Shri Bhikan Dabhade, Security Officer Shri Rohidas Mali, Head of all departments and all employees under the guidance of Shri Sudhakar Yarlagadda, the then Chairman of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and Principal District and Sessions Judge, Shri Siddharam Salimath, Member of the Ad-hoc Committee of the Sansthan and District Collector, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan and Shri Tukaram Hulawale, the then Deputy Chief Executive Officer took special efforts for the successful conduct of the festival.



# Shri Sai Satcharita *Parayan* Function Held





Shirdi : On the concluding day of Shri Sai Satcharita *Parayan* (non-stop reading) function, that commenced on Monday, August 5, 2024, jointly organized by the Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi, Natya Rasik Manch, Shirdi and Shirdi villagers, the holy *Granth* (religious book) of Shri Sai Baba, Shri Sai Satcharita, was





taken out in a procession through the Shirdi town. About 6,500 readers in Shirdi and the surrounding regions participated in the *Parayan* function that lasted till Monday, August 12, 2024. On the concluding day, chapter number 53 (Epilogue) having been read, the *Granth-vachan* (book-reading) was concluded. After that the worship of the holy book Shri Sai Satcharita was performed by the Sansthan's Chief Executive Officer Shri Goraksha Gadilkar, along with his wife Sou. Vandana Gadilkar. The then Deputy Chief Executive Officer, Shri Tukaram Hulawale, Temple dept. Chief Shri Vishnu Thorat and office bearers of the Natya Rasik Manch, the (*Granth*) readers and villagers were present in large numbers.

Meals were arranged for the (*Granth*) readers on the concluding day. At 3.30 p.m. the holy book Shri Sai Satcharita was taken out in a procession. The procession consisted of 10-12 bands of traditional *sambal* instruments, 3 chariots of religious scenes of Shree Dev Kudaleshwar Mitra Mandal, Kudal, special attraction of traditional instruments of Ranjini Arts, Malappura, Kerala and various costumes with southern dance. In this procession, the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar, the then Deputy Chief Executive Officer, Shri Tukaram Hulawale, Shri Vishnu Thorat, Temple dept. Chief, Shri Rohidas Mali, Security Officer, officers of the Natya Rasik Manch, *Granth* readers and villagers were present on large numbers. The musical Saikatha programme was presented by Shri Arvind Maharaj, Shirdi from 3 p.m. to 5 p.m. From 5.30 p.m. to 6.30 p.m., a discourse on Yoga and Diet was presented by Dr. Nachiket Varpe, Shirdi. From 7.30 p.m. to 9.30 p.m., a *kirtan* programme was presented by child *kirtankar Hari Bhakt Parayan* Krishna Hajare, Shirdi. All these programmes were held on the Shri Sai Baba *Samadhi Mandir Shatabdi Mandap*, opposite the Gate No. 3.

After the procession reached the *Parayan sabha mandap*, the worship of the *Veena* was done.

Various religious, cultural, *kirtan* and discourses programmes were organized in the eight days for the *Parayan* function. *Hari Bhakt Parayan,* Shri Gangadharbuva Vyas's *Kala kirtan* was held on Tuesday, August 13, 2024 from 10 a.m. to 12 noon. After that, *mahaprasad* was served from 12.30 p.m. to 3 p.m. at the *Shatabdi* pandal of Sai Ashram 1.

❍❍❍

# Indian Independence Day Celebrated in the Sansthan



The national flag was hoisted at 8.15 a.m. on August 15, 2024 by Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan in the Sansthan's educational complex. The then Deputy Chief Executive Officer of the Sansthan, Shri Tukaram Hulawale, Administrative Officers Sou. Pradnya Mahandule-Sinare, Sandipkumar Bhosale, I/c Administrative Officer Shri Vishwanath Bajaj, Chief Accounts Officer Smt. Mangala Varade, Security Officer Shri Rohidas Mali, Medical Director Lieu. Col.





Dr. Shailesh Ok, all Head of departments, Sansthan employees, teaching staff and students of the Sansthan's educational complex were present in large numbers.

An attractive parade was presented on the occasion by the Sansthan's Security department, Fire & Safety department, Security agencies and the students of the educational complex. After that, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan and the dignitaries present, handed over the Shri D.M. Sukthankar - March 2024 prizes to 16 meritorious students with top 3 rankings in the X standard in all secondary schools in Shirdi and late Lahanubai Amrutrao Gondkar and late Bhagchand Kondaji Gondkar prizes to 9 meritorious students with top 3 rankings in the Arts, Commerce and Science streams in the Sansthan's educational complex. The Sansthan's employees, Shri Pralhad Kardile and Shri Ravindra Vahadane were felicitated as they were invited at the Presidential House for the cook training. Miss Sonali Kisan Katkar, daughter of the Sansthan's retired employee, Shri Kisan Katkar, was felicitated by the Sansthan's Chief Executive Officer, Shri Goraksha Gadilkar, for her selection on the post of Maharashtra Police Sub Inspector.

.Wishing Independence Day greetings to everyone present on the occasion, Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, expressed his thoughts. After that, Shri Sudhanshu Lokegaonkar, music teacher of the educational complex and the students presented patriotic song. The anchoring of the programme was done by the deputy teachers of Kanya Vidya Mandir, Shri Vasant Wani and Shri Ajinkyadev Gaikwad. Sports teacher, Shri Rajendra Kohakade thanked everyone present.

# Appeal

The Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi plans to reprint it's literature, such as books, diaries, calendars etc., published in various languages. The work involves the corrections and proof-reading of the samples received from the printers. For this purpose, intensive study of Shri Sai Satcharita and deep knowledge of various languages (Marathi, Hindi, English, Telugu, Tamil, Malyalam, Kannada, Bengali, Odia, Gujarati, Assamese, Punjabi, Sindhi, Urdu, Nepali etc.) is necessary. Hence, the Sansthan proposes to form a panel/committee of approximately 30/40 Sai devotees (one to three experts for each language). The selective devotees will have to render the free service to the Sansthan as a Sai *Seva*.

To carry out the Sai *Seva* the Sansthan invites applications from the interested devotees with the following criterias :-

Eligibility -

The devotees should have intensive study of Shri Sai Satcharita.

The devotees should have written various religious, translated and spiritual books. The authors of the books on Sai Baba will be preferred.

The devotees having PHD in the specific language or Professors from the reputed universities will be given preference.

The devotees should have long experience of 20 to 25 years in the related field.

Nature of Work -

To check whether the samples of the books, diaries, calendars etc. submitted by the printers are as per the ones supplied by the Sansthan or not.

To do the corrections and proof-reading accurately.

To provide guidance and classification to the sansthan to resolve issues/ doubts raised by the Sai devotees.

To address any other issues and concerns of the Sansthan pertaining to the various publications from time to time.

Your application to the Sansthan should be mailed at the following mail id :-
publication@sai.org.in For further information please contact on 02423-258800/08

Goraksha Gadilkar (I.A.S.)
Chief Executive Officer,
Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi

# SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

# PUBLICATIONS

| Sr. No. | Name of the Book | Language |
|---|---|---|
| 1. | SHRI SAISACHCHARIT | MARATHI |
| 2. | SHRI SAI SATCHARITRA | HINDI |
| 3. | SHRI SAI SATCHARITRA | ENGLISH |
| 4. | SHRI SAI SATCHARITRA | GUJARATI |
| 5. | SHRI SAI SATCHARITRA | KANNAD |
| 6. | SHRI SAI SATCHARITRA | TELUGU |
| 7. | SHRI SAI SATCHARITRA | TAMIL |
| 8. | SHRI SAISACHCHARIT *POTHI* | HINDI |
| 9. | SHRI SAI SATCHARITRA | SINDHI |
| 10. | SHRI SAILEELAMRUT | MARATHI |
| 11. | SHRI SAILEELAMRUT | HINDI |
| 12. | SHRI SAILEELAMRUT | GUJARATI |
| 13. | SHRI SAI BABA AVATAR *V* KARY | MARATHI |
| 14. | SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | MARATHI |
| 15. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | AASAMI |
| 16. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | GUJARATI |
| 17. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | SINDHI |
| 18. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | TELUGU |
| 19. | SHRI SAINATH STAVANMANJIRI | MARATHI |
| 20. | SHRI SAINATH STAVANMANJIRI | HINDI |
| 21. | SHRI SAINATH STAVANMANJIRI | ENGLISH |
| 22. | SHRI SAINATH STAVANMANJIRI | GUJARATI |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | ARVACHIN BHAKT *V* SANT LEELAMRUT (4 ADHYAY) | MARATHI |
| 24. | SHRI SAI RUDRADHYAY 11 *VA* | MARATHI |
| 25. | SAINATH BHAJANMALA | MARATHI |
| 26. | SHRI SAINATH BHAJANMALA | HINDI |
| 27. | ARVACHIN BHAKT *V* SANT LEELAMRUT (4 ADHYAY) | BANGALI |
| 28. | MULANCHE SAIBABA | MARATHI |
| 29. | BACHCHON KE SAIN BABA | HINDI |
| 30. | CHILDREN'S SAI BABA | ENGLISH |
| 31. | MULANCHE SAIBABA | GUJARATI |
| 32. | CHILDREN'S SAI BABA | KANNAD |
| 33. | CHILDREN'S SAI BABA | TELUGU |
| 34. | CHILDREN'S SAI BABA | TAMIL |
| 35. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | PUNJABI |
| 36. | ARVACHIN BHAKT *V* SANT LEELAMRUT (4 ADHYAY) | GUJARATI |
| 37. | SHRI SAI SATCHARITRA | ASAMI |
| 38. | SHRI SAINATH STAVANMANJIRI | GERMAN |
| 39. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | GERMAN |
| 40. | ARVACHIN BHAKT *V* SANT LEELAMRUT (4 ADHYAY) | HINDI |
| 41. | SHRI SAISACHCHARIT (DELUXE) | MARATHI |
| 42. | BHAVARTH SHRI SAISACHCHARIT PART-1 | MARATHI |
| 43. | BHAVARTH SHRI SAISACHCHARIT PART-2 | MARATHI |
| 44. | SHRI SADGURU SAINATH SAGUNOPASANA AARTI | KANNAD |
| 45. | DADASAHEB KHAPARDE DIARY | TELUGU |
| 46. | SHRI SAISACHCHARIT *POTHI* | KANNAD |
| 47. | *ADHYAY* 15 *VA* | MARATHI |


श्रध्दा
सबुरी

RNI Regd. No.
MAH/BIL/2000/8048

SHRI SAI LEELA

Date : 15th October 2024



**In the village Vani (104 km. from Shirdi) of Nashik district, there lived a man called Kakaji Vaidya, who was the *pujari* of the *Devi*'s temple there. The *Devi* was known as Sapta Shrungi. The *pujari* was in a disturbed state of mind due to insurmountable difficulties and was harassed by the worldly life... He implored the *Devi* and prayed to her. The *Devi* gave him *darshan* at night and told him in his dream, "The 'Baba' I spoke of is Shirdi's Sai Samartha".**



श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था (शिर्डी) के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा गणेश आर्ट प्रिंटर्स, एम.आर. ट्रेड सेंटर, शॉप नं. ७, वाडिया पार्क, अहमदनगर – ४१४ ००१ में मुद्रित और साई निकेतन, ८०४ बी, डॉ. आम्बेडकर रोड़, दादर, मुम्बई – ४०० ०१४ में प्रकाशित। ✻ सम्पादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी